दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली । गुरुवार 17 जुलाई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 208 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3






दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। गुरुवार 17 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 208 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




# बिहार में आसमान से बरसी आफत, चार की मौत

### सीएम ने वज्रपात से मरने वालों के परिजनों को 4 लाख रुपये मुआवजे की घोषणा की




**पटना।** बिहार में रविवार को बदले मौसम के बीच वज्रपात ने चार लोगों की जान ले ली है। नालंदा, आरा और गया में हुई इन घटनाओं में पशुपालक और बिजली मिस्त्री ठनके की चपेट में आए हैं। मौसम विभाग ने दक्षिण बिहार में भारी बारिश की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें गया, नालंदा, पटना, नवादा सहित कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

नालंदा के एकंगरसराय प्रखंड के बादरावाद पंचायत में पसंघी गांव के खंधा में 45 वर्षीय मीना देवी मवेशी चरा रही थीं। दोपहर में अचानक ठनका गिरने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

उधर आरा के शाहपुर थाना क्षेत्र में छोटकी सहजौली और नावाडीह गांव के बीच बधार में 91 वर्षीय पशुपालक सुदर्शन यादव मवेशी चराते समय ठनके की चपेट में आए। उनकी भी मौके पर मौत हो गई। दूसरी घटना जगदीशपुर थाना क्षेत्र में हुई, जहां कृषि फीडर पर काम कर रहे बिजली मिस्त्री गणेश प्रसाद पर ठनका गिरा और उनकी मौत हो गई।

गया जिले में भी एक महिला की वज्रपात से मौत की खबर है।

# यूपीसीडा गाजियाबाद में करा रहा है करोड़ों की लागत से विकास कार्य

## औद्योगिक क्षेत्र लोहा मंडी में आरसीसी रोड, आरसीसी ड्रेन व इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को साकार करने हेतु औद्योगिक अधोसंरचना को सुदृढ और आधुनिक बनाने की दिशा में सतत कार्य कर रहा है। इसी दिशा में यूपीसीडा राज्य को एक मजबूत औद्योगिक राज्य के रूप में विकसित करने हेतु अनेक परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रहा है।

औद्योगिक क्षेत्रों में यूपीसीडा द्वारा प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत गाजियाबाद में स्थित औद्योगिक क्षेत्र की जर्जर हालत को सुधारने हेतु उद्यमियों द्वारा औद्योगिक क्षेत्र लोहा मण्डी में यूपीसीडा से कार्य कराने की माँग पूर्व से ही की जाती रही है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी के निर्देशन में उक्त कार्य संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य न केवल क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देना है, बल्कि एक हरित, सुरक्षित और सुविधाजनक औद्योगिक वातावरण प्रदान करना भी है। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र को विश्वस्तरीय बुनियादी सुविधाओं से लैस करना है, जिससे निवेशकों को एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम वातावरण मिल सके।





### 2317.13 लाख से होगा आरसीसी रोड, आरसीसी ड्रेन तथा इंटरलॉकिंग टाइल्स का कार्य

करंट क्राइम। 1 अप्रैल 2025 से उक्त औद्योगिक क्षेत्र में यूपीसीडा द्वारा निम्न कार्य कराये गये / कराये जा रहे हैं। यूपीसीडा द्वारा लगभग 1.5 किलोमीटर लम्बाई में आर०सी०सी० रोड, आर०सी०सी० ड्रेन तथा इन्टरलॉकिंग टाईलस से फुटपाथ का निर्माण कराये जाने हेतु वर्ष 2023-14 में कार्यदायी संस्था नगर निगम गाजियाबाद को धनराशि रुपए 983.88 लाख दी गयी। वर्तमान में यूपीसीडा द्वारा औद्योगिक क्षेत्र लोहा मण्डी की समस्त अवशेष सड़कों को धनराशि रुपए 2317.13 लाख से आर०सी०सी० रोड, आर०सी०सी० ड्रेन तथा इन्टरलॉकिंग टाईलस से फुटपाथ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो कि अन्तिम चरण में है।

### 22.71 लाख की लागत से दिशासूचक बोर्ड तथा प्रवेश द्वार पर केन्टीलीवर बोर्ड लगाये गये

करंट क्राइम। 22.71 लाख की लागत से दिशासूचक बोर्ड तथा प्रवेश द्वार पर केन्टीलीवर बोर्ड लगाये गये हैं। उक्त औद्योगिक क्षेत्र में ट्रकों की पार्किंग हेतु ऐसोसियेशन के पदाधिकारियों के साथ स्थल चिन्हित कार्यवाही प्रक्रिया में है। औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों की मूलभूत सुविधाओं के दृष्टिगत खानपान की सुविधाओं हेतु ऐसोसियेशन के पदाधिकारियो के साथ स्थल चिन्हित कर क्योस्क की व्यवस्था प्रक्रिया में है। लोहा मण्डी औद्योगिक क्षेत्र के तीन प्रवेश द्वारों का निर्माण धनराशि रुपए 103.5 लाख की लागत से कराये जाने की कार्यवाही प्रक्रिया में है। मुख्य-मुख्य चौराहों पर हाईमास्ट लाइट तथा स्ट्रीट लाइट से सम्पूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों को लैस के जा चुका है। इन कार्यों की मदद से औद्योगिक क्षेत्र को प्रदूषण रहित वातावरण प्रदान करने में मदद मिली है तथा उद्यमियों को सुगम एवं सुव्यवस्थित वातावरण प्रदान किये जाने हेतु यूपीसीडा द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है।







# राजनाथ सिंह जी ऐसे नेता हैं जिनका जनसंपर्क सबसे अच्छा और व्यवस्थित है : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो बड़े लोगों की एक दूसरे से तुलना करना ठीक नहीं है। सभी अपने अपने गुणों के कारण शीर्ष पर पहुंचे हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश में पिछली पीढ़ी में राजनाथ सिंह जी ऐसे नेता हैं जिनका जनसंपर्क सबसे अच्छा और व्यवस्थित है। युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश के शिक्षा मंत्री, प्रदेश के मुख्य मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारत के गृह मंत्री और वर्तमान में भारत के रक्षा मंत्री के पद पर आसीन हैं। जब जिस पद पर भी रहे हैं अपने उस पद के दायित्व के निर्वाह का अपना अलग संदेश देने में सफल रहे हैं। ये उनकी अपनी कार्यप्रणाली की विशेषता है। लेकिन साथ ही अपने दायित्वों के निर्वाह की व्यस्तता ने कभी उन्हें लोगों से अलग नहीं किया। उनका जनसंपर्क कार्यकताओं से निरंतर बना रहता है। कार्य की व्यस्तता के बाद भी मिलने के लिए समय निकलना उनको अन्य नेताओं से अलग करता है। मेरा एक अनुभव है कि किसी बड़े नेता के पीआर में उनके अपने सहयोगी स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नेता की भावनाओं के अनुरूप स्टाफ का मिजाज बदलता है लेकिन राजनाथ सिंह के स्टाफ की ये विशेषता है कि वे उनकी व्यस्तताओं में भी लोगों से मिलने का कार्यक्रम बना लेते हैं। अकेले इस गुण के कारण उनकी लोकप्रियता बढ़ती रहती है।

> **राजनाथ सिंह ऐसे राजनेता हैं जिनका इतना लंबा राजनैतिक जीवन बेदाग है। लेकिन इनकी छवि एक लकीर के फकीर की नहीं है। व्यवस्था को सुचारू चलाने के लिए नियमों की आवश्यकता होती है लेकिन नियम व्यक्ति के लिए हैं, व्यक्ति नियमों के लिए नहीं है । इसलिए व्यवस्था को सुगम और सरल बनाने के लिए वे सदैव तैयार रहते हैं।**



> **भाजपा में राजनाथ सिंह अकेले ऐसे नेता हैं जिनके प्रशंसकों की संख्या जितनी भाजपा में है, विपक्ष में उससे कम नहीं है। उनका लोगों के साथ सहज,सरल और स्नेहपूर्ण व्यवहार उन्हें लोकप्रिय बनाता है। दूसरे, वे लोगों को सहयोग प्रदान करने में ज्यादा उदार हैं।**



> **राजनाथ सिंह जी के साथ एक दुर्भाग्य भी जुड़ा रहा है। जो लोग उनसे निकटता से नहीं जुड़े हैं वे उनके विरोधियों के दुष्प्रचार से प्रभावित हो जाते हैं। भाजपा के कई समकालीन नेता राजनाथ सिंह को शीर्ष नेतृत्व से मिले स्नेह और विश्वास को उनकी योग्यता स्वीकार न करके उनके प्रति अनुदार रुख अपनाते रहे । मैं स्वयं भी एक समय में ऐसे विचार से प्रभावित रहा। लेकिन जब धारणाओं, मान्यताओं और पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर निष्पक्ष विश्लेषण किया जाता है तो ये ही निष्कर्ष निकलता है कि राजनाथ सिंह जी सही हैं।**

राजनाथ सिंह ऐसे राजनेता हैं जिनका इतना लंबा राजनैतिक जीवन बेदाग है। लेकिन इनकी छवि एक लकीर के फकीर की नहीं है। व्यवस्था को सुचारू चलाने के लिए नियमों की आवश्यकता होती है लेकिन नियम व्यक्ति के लिए हैं, व्यक्ति नियमों के लिए नहीं है ।इसलिए व्यवस्था को सुगम और सरल बनाने के लिए वे सदैव तैयार रहते हैं। मैं उनके जीवन के दो ऐसे फैसलों को जानता हूं जिन्होंने उन्हें प्रसिद्धि भी दी लेकिन जब उन्हें उन फैसलों की कठोरता का अहसास हुआ तो उन्होंने उन फैसलों को भूल जाने का सार्वजनिक आह्वान किया। उनका एक फैसला, शिक्षा मंत्री के रूप में नकल विरोधी अध्यादेश और दूसरा मुख्य मंत्री के रूप में अति दलित और अति पिछड़े को आरक्षण देने का फैसला । प्रशासनिक फैसलों के प्रति जनभावनाओं को समझना और उनका सम्मान करना उनके लोकतांत्रिक पक्ष को उजागर करता है। राजनीति में अधिकतर नेता अपने निर्णय को प्रतिष्ठा से जोड़ लेते हैं । वे न केवल जनभावनाओं की उपेक्षा करने से पीछे नहीं हटते बल्कि व्यवहारिक कठिनाइयों को भी स्वीकार नहीं कर पाते हैं। मुख्य मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह जी का ₹कृष्ण सुदामा साथ पढ़ेंगे₹ का निर्णय शिक्षा जगत के लिए बहुत क्रांतिकारी कदम था। काश देश की आजादी के समय तत्कालीन शिक्षा मंत्री ने ऐसा निर्णय लिया होता तो देश की तस्वीर कुछ और होती। लेकिन आजादी के 53 वर्ष बाद उस निर्णय की देरी से लिए गए अच्छे निर्णय के व्यवहारिक होने में बाधाओं को स्वीकार करते हुए अपने अभियान को छोड़ देना, राजनाथ सिंह के व्यवहारिक नेतृत्व का व्यावहारिक होने का बड़ा निर्णय था। उनके इस लचीले व्यवहार ने उनके व्यक्तित्व को और अधिक चमक प्रदान की है।

भाजपा में राजनाथ सिंह अकेले ऐसे नेता हैं जिनके प्रशंसकों की संख्या जितनी भाजपा में है, विपक्ष में उससे कम नहीं है। उनका लोगों के साथ सहज,सरल और स्नेहपूर्ण व्यवहार उन्हें लोकप्रिय बनाता है। दूसरे, वे लोगों को सहयोग प्रदान करने में ज्यादा उदार हैं। अगर कोई उनसे अनुरोध करता है और उससे कोई व्यवस्था भंग नहीं होती है तो वे उदारतापूर्वक लोगों को उपकृत करने में कृपणता नहीं बरतते हैं। राजनाथ सिंह जी की ये विशेषता कि चाहे व्यक्ति उनका विरोधी भी हो उसके मिलने पर भी उससे दिल खोलकर मिलना और पूरा सम्मान देना उन्हें बड़ा बनाता है। राजनाथ सिंह जी के साथ एक दुर्भाग्य भी जुड़ा रहा है। जो लोग उनसे निकटता से नहीं जुड़े हैं वे उनके विरोधियों के दुष्प्रचार से प्रभावित हो जाते हैं। भाजपा के कई समकालीन नेता राजनाथ सिंह को शीर्ष नेतृत्व से मिले स्नेह और विश्वास को उनकी योग्यता स्वीकार न करके उनके प्रति अनुदार रुख अपनाते रहे । मैं स्वयं भी एक समय में ऐसे विचार से प्रभावित रहा। लेकिन जब धारणाओं, मान्यताओं और पूर्वाग्रहों से मुक्त होकर निष्पक्ष विश्लेषण किया जाता है तो ये ही निष्कर्ष निकलता है कि राजनाथ सिंह जी सही हैं।

राजनाथ सिंह भारत के रक्षा मंत्री हैं । उनके नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। देश की सेना और अधिक सशक्त, साधन सम्पन्न हुई है। सेना का अत्याधुनिक हथियारों से लैस होने के कारण मनोबल बढ़ा हुआ है। रक्षा उपकरणों के निर्माण में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ा है। इन सब निर्णयों में राजनाथ सिंह की महती भूमिका है। केंद्र में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार में राजनाथ सिंह जी की नेतृत्व क्षमता स्थापित है। इस नई भाजपा में राजनाथ सिंह न केवल महत्वपूर्ण भूमिका में हैं बल्कि अटल आडवाणी की भाजपा के प्रशंसकों के लिए भी आश्वस्ति हैं कि हम उसी अतीत से अनुप्राणित हैं और सुंदर भविष्य को गढ़ने में लगे हैं।

## ट्रेन के सफर में मनोहरलाल खट्टर से रखे अतुल गर्ग ने विचार

# 'कहा, योजना बने तो गाजियाबाद शिफ्ट हो सकता है दिल्ली का सदर बाजार'

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों आसमान से लेकर जमीन तक काम कर रहे हैं। वो अपनी लोकसभा क्षेत्र में हवाई उड़ान के सपने को पूरा कर चुके हैं। हिंडन एयरपोर्ट से आज डोमेस्टिक उड़ान शुरू हो चुकी है। एलिवेटिड रोड घंटार से शुरू होकर भाटिया मोड़ तक कीका प्रस्ताव पास हो चुका है और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की ये खास बात है कि वो अपनी लोकसभा के विकास का कोई मौका नहीं चूकते हैं। जब भी उन्हें मौका मिलता है तो वो प्रस्ताव रखते हैं और केवल प्रस्ताव नहीं रखते बल्कि उस प्रस्ताव पर काम करते हैं पास कराते हैं। ट्रेन के सफर में भी अतुल गर्ग ने अपनी लोकसभा की जमीन के लिये काम किया। दरअसल ये मौका था जब हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय नगर विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ट्रेन से सफर कर रहे थे और ये इत्तेफाक था कि गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग उसी ट्रेन से दिल्ली से चंडीगढ़ जा रहे थे। दोनों ही हस्तियां एक-दूसरे से पहले से परिचित हैं और शब्द बताते हैं कि ट्रेन के डिब्बे में किस तरह से सांसद अतुल गर्ग ने बात रखी। दरअसल मनोहर लाल खट्टर ने जब अतुल गर्ग को देखा तो उन्हें अपने साथ अपने डिब्बे में बैठा लिया। इसके बाद बातचीत शुरू हुई और बातों ही बातों में गाजियाबाद की जमीन का जिक्र हो गया। यहां पर मनोहर लाल खट्टर ने जब विषय रखा तो अतुल गर्ग ने उनके सामने दुकानों का विषय रखा और कहा कि अगर इस योजना पर काम हो जाए तो दिल्ली सदर बाजार से लगभग पांच हजार दुकानों को शिफ्ट किया जा सकता है। ये दुकानें अब दिल्ली की गलियों में हैं और अगर सदर बाजार के मॉडल पर काम हो तो केंद्र की जमीन गाजियाबाद में है। सांसद अतुल गर्ग ने केंद्रीय नगर विकास मंत्री को अवगत कराया कि हमने डिफेंस की सेना की इस जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। यदि इस पर काम हो तो यहां रोजगार की सुविधाएं उपलब्ध हो सकती हैं।



### मनोहर लाल खट्टर और अतुल गर्ग दोनों घूम चुके हैं ट्रेन से लेकर हवाई जहाज तक

करंट क्राइम। गाजियाबाद लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान में केंद्रीय नगर विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के बीच वर्षों पुराने संबंध हैं। दोनों अंत्योदय कमेटी के सदस्य रहे हैं। इस कमेटी में 13 सदस्य होते थे उसमें एक सदस्य अतुल गर्ग भी थे। दोनों ही एक साथ कई बार ट्रेन से लेकर प्लेन का सफर पूरे देश में साथ-साथ कर चुके हैं। ये भी एक वजह थी कि जैसे ही मनोहर लाल खट्टर ने अतुल गर्ग को स्टेशन देखा तो फिर सबसे पहले उन्हें अपने पास बिठाया और फिर दोनों के बीच कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हो गई।

### अतुल गर्ग बोले तो अगर बन जाए एलिवेटिड रोड तो रहेगा ठीक

करंट क्राइम। सांसद अतुल गर्ग विकास के एक विजन पर काम करते हैं। वो किसी भी प्रोजेक्ट को शुरू करते हैं तो एक पूरी रूपरेखा उनके पास होती है। उन्होंने दिल्ली सदर बाजार की दुकानों को गाजियाबाद में शिफ्ट करने की बात रखी है और ये एक ऐसा प्लान है जो गाजियाबाद को भी एक बड़ा रोजगार हब देगा। अतुल गर्ग ने जब ये प्रस्ताव रखा तो उन्होंने केंद्रीय नगर विकास मंत्री को इसकी कनेक्टिविटी समझाते हुए ये भी कहा कि यदि एनएच-9 से एक एलिवेटिड रोड बन जाए तो फिर दिल्ली से महज आधे घंटे में यहां पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इससे जहां दिल्ली सदर बाजार में संकरी गलियों बनी दुकानों को मुक्ति मिलेगी तो वहीं गाजियाबाद को लाभ होगा।

### यूपी की ट्रेन का जंक्शन प्वाइंट बने गाजियाबाद

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ये जानते हैं कि गाजियाबाद, नोएडा और मेरठ में एक बड़ी आबादी पिछले 15 से 20 सालों में गाजियाबाद में बसी है। ये लोग रोजगार की तलाश में आए और फिर यहीं बस गए। ये आबादी त्योहार-पर्व और छह के मौके पर अपने पूर्वांचल में जाती है। अतुल गर्ग ये चाहते हैं कि यूपी के प्रमुख शहरों को जाने वाली ट्रेनों का ठहराव यहां होना चाहिए। जो ट्रेनें दिल्ली से यूपी के विभिन्न शहरों के लिये चलती हैं वो ट्रेनें दिल्ली से ना चलकर गाजियाबाद से चलें तो गाजियाबाद, नोएडा, मेरठ , बुलंदशहर की एक बड़ी आबादी को दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।

### रेलवे स्टेशन की पार्किंग पर भी चर्चा

करंट क्राइम। जब केंद्रीय नगर विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ अतुल गर्ग ट्रेन का सफर कर रहे थे तो उन्होंने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन की पार्किंग को लेकर भी बात की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि रक्षा मंत्रालय की खाली जमीन है और अतुल गर्ग इन दोनों विभागों की तकनीकी बारीकियां जानते हैं लिहाजा उन्होंने जमीन के बदले जमीन का प्रस्ताव भी दिया। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हम इस पूरे प्रस्ताव को लिखकर देंगे।

# पीएम धन-धान्य कृषि योजना को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

## हर साल खर्च होंगे 24000 करोड़ रुपये

**कैबिनेट ने 36 योजनाओं को मिलाकर 24,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े कई फैसले भी लिए गए हैं। आइए कैबिनेट के अहम निर्णयों पर एक नजर डालें।**




**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने 36 योजनाओं को मिलाकर 24,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह एलान किया है। सरकार ने एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये की भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावे कैबिनेट ने एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 20,000 करोड़ रुपये की मंजूरी देने पर भी अपनी मुहर लगा दी है।

### क्या है प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना?

मंत्रिमंडल ने बुधवार को छह साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत हर वर्ष 24,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसमें 100 जिले शामिल होंगे। केंद्रीय बजट में घोषित यह कार्यक्रम 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत करेगा और फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने मदद देगा।

### भंडारण और सिंचाई सुविधाओं में होगा सुधार

केंद्रीय मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णय के बारे में जानकारी साझा करते हुए, सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम धन-धान्य कृषि योजना से फसल के बाद भंडारण में वृद्धि होगी, सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलने की संभावना है।

सरकार ने बुधवार को एनएलसी इंडिया को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनआईआरएल में 7,000 करोड़ रुपये निवेश करने की अनुमति दे दी। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की ओर से लिया गया। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) को नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) पर लागू मौजूदा निवेश दिशानिर्देशों से विशेष छूट देने को मंजूरी दे दी है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, इस रणनीतिक निर्णय से एनएलसीआईएल को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश करने में मदद मिलेगी। इसके तहत एनआईआरएल विभिन्न परियोजनाओं में सीधे या संयुक्त उद्यम का गठन कर निवेश कर सकेगी। इसके लिए पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी।

केंद्र सरकार ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी को 2032 तक 60 गीगावाट क्षमता हासिल करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विस्तार पर 20,000 करोड़ रुपये तक निवेश करने की अनुमति दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) में लिए गए निर्णय के बारे में बताया। एनटीपीसी के लिए पहले स्वीकृत निर्धारित सीमा 7,500 करोड़ रुपये थी।

सरकार की ओर से बताया गया है कि एनटीपीसी और एनजीईएल को दी गई अनुमति देश में नवीकरणीय परियोजनाओं के त्वरित विकास में मदद करेगी। बयान में कहा गया है कि यह कदम बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पूरे देश में चौबीसों घंटे विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराने में निवेश सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**शुभांशु शुक्ला की पृथ्वी पर वापसी से जुड़ा प्रस्ताव भी पारित :** बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर भी एक प्रस्ताव पारित किया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह स्पेस की दिशा में हमारी बहुत बड़ी उपलब्धि है।

---

# संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से

## आठ विधेयकों को पेश करने की तैयारी में केंद्र सरकार, जोरदार हंगामे के आसार




**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस मानसून सत्र में सरकार आठ नए विधेयक पेश करेगी। इनमें मणिपुर में राष्ट्रपति शासन से जुड़ा विधेयक भी शामिल है।

सरकार मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने पर विचार कर रही है। इससे साफ है कि सरकार की इस उत्तर पूर्वी राज्य में फिलहाल राष्ट्रपति शासन हटाने की कोई योजना नहीं है। मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। राष्ट्रपति शासन के लिए सरकार को हर छह महीने में संसद की मंजूरी लेनी होती है। फिलहाल राज्य में राष्ट्रपति शासन की समयसीमा 13 अगस्त है।

### ये विधेयक हो सकते हैं संसद में पेश

संसद के आगामी सत्र में सरकार मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2025, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक 2025, भारतीय संस्थान प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2025, कराधान विधि (संशोधन) विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष (संरक्षण एवं रखरखाव) विधेयक 2025, खान एवं खान (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक 2025 को लोकसभा में पेश और पारित करा सकती है। साथ ही गोवा राज्य के विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक 2024, मर्चेंट शिपिंग विधेयक 2024, भारतीय बंदरगाह विधेयक 2025 और आयकर विधेयक 2025 को भी लोकसभा में पारित किए जाने की उम्मीद है।

### संसद के बजट सत्र में कितना काम हुआ?

बता दें कि बीते अप्रैल माह में खत्म हुए संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता लगभग 18 फीसदी रही थी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू के मुताबिक राज्यसभा में भी भरपूर कामकाज हुआ और इस सदन की उत्पादकता 119 फीसदी रही। संसद के दोनों सदनों में 16 विधेयक पारित किए गए। इस सत्र के दौरान काफी हंगामा भी हुआ, लेकिन संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद, वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया गया।

---

# 7.95 करोड़ के छात्रवृत्ति घोटाले में रिटायर्ड पीसीएस गिरफ्तार

### 91200 की जगह 2.30 लाख का किया भुगतान




**लखनऊ।** 7.95 करोड़ के छात्रवृत्ति घोटाले में समाज कल्याण विभाग के पूर्व निदेशक मिश्रीलाल पासवान को महानगर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने यह कार्रवाई रुड़की की गुरु नानक एजुकेशन ट्रस्ट को नियम विरुद्ध छात्रवृत्ति देने के मामले में की है।

वर्ष 2010 से 2012 के बीच हुए इस घोटाले में ईओडब्ल्यू की ओर से यह पहली गिरफ्तारी है। पीसीएस अधिकारी मिश्रीलाल वर्ष 2014 में सेवानिवृत्त हो गए थे। 2010 से 2012 के बीच समाज कल्याण निदेशालय में तैनात निदेशक मिश्रीलाल और अन्य कार्मिकों ने गुरु नानक एजूकेशन ट्रस्ट के तत्कालीन ट्रस्टी के साथ मिलीभगत कर छात्रवृत्ति घोटाला किया था। पीजीडीएम कर रहे 336 छात्रों को निर्धारित राशि से अधिक छात्रवृत्ति दी थी। ट्रस्ट द्वारा कई छात्रों का फर्जी प्रवेश दिखाकर छात्रवृत्ति ली गई। इस संबंध में 2019 को थाना एसआईटी, लखनऊ में 6 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

छात्रवृत्ति घोटाले में शासन के निर्देश पर एसआईटी ने केस दर्ज किया था, जिसमें तत्कालीन समाज कल्याण निदेशक मिश्रीलाल पासवान के साथ तत्कालीन पटल सहायक शिक्षा अनुभाग धर्मेंद्र सिंह, अधीक्षक शिक्षा अनुभाग डीके गुप्ता व अनिल उपाध्याय (अब मृत), योजना अधिकारी डॉ. मंजूश्री श्रीवास्तव व गुरुनानक एजूकेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी गुरु सिमरन सिंह चड्ढा को नामजद किया था। जांच में सामने आया था कि ट्रस्ट में पढ़ रहे अनुसूचित जाति के यूपी के मूल निवासी छात्र-छात्राओं के लिए अनुसूचित जाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की राशि वर्ष 2010-11 व वर्ष 2011-12 में समाज कल्याण निदेशालय से ली गई थी।

छात्रवृत्ति रुपये के स्थान पर 2.30 लाख रुपये का भुगतान किया गया। मिलीभगत करके फर्जी दस्तावेजों के जरिये करीब 7.95 रुपये हड़पे गए थे।

---

# महक-परी की अश्लील हरकत वायरल, पुलिस ने लिया एक्शन!

## अश्लील इशारे और गंदी गालियां, फूहड़ कंटेंट... चार लाख फालोवर्स, 25 हजार की कमाई





**पुलिस ने तीनों युवतियों व युवक से चार मोबाइल को बरामद किया**

संभल। संभल के गांव शहबाजपुर कलां निवासी मेहरूल निशा उर्फ परी और उसकी बहन महक ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि वह वीडियो से 20 से 25 हजार रुपये कमा लेती हैं। उनके चार लाख फालोवर्स हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय होने से पहले चांदी का वर्क तैयार करने का काम करती थीं।

पिता अभी भी परचून की दुकान चलाते हैं। वहीं, गांव के लोगों का कहना है कि कंटेंट मर्यादित होता तो गांव का नाम रोशन होता लेकिन अब गांव का नाम खराब हुआ है। इसके चलते ही लोगों में रोष रहता है। गांव के लोगों ने कहा कि इसी तरह की युवती अमरोहा के थाना डिडौली अंतर्गत जोया निवासी हिना है जिसने अपने परिजनों का नाम खराब किया है।

ग्रामीणों ने बताया कि मेहरूल निशा उर्फ परी और महक अपने दो भाइयों से बड़ी हैं। परिवार में मां और पिता हैं जो काफी समय से चांदी का वर्क बनाने का काम करते हैं। साथ ही परचून की दुकान भी चलाते हैं। दरअसल दोनों बहनों ने मिलकर मई 2024 में इंस्टाग्राम पर अकाउंट बनाया था। पहले नाम कुछ और दिया गया था। इसके बाद फिर दो बार नाम बदला गया। बाद में महक-परी143 नाम आईडी को दिया गया। शुरूआत में कम फॉलोवर्स थे लेकिन जब कंटेंट को अश्लील और अमर्यादित किया तो फॉलोवर्स बढ़ते चले गए। ये दोनों अश्लील इशारे, गंदी गाली वाले वीडियो अपलोड करतीं थीं। वर्तमान में चार लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हो गए हैं।

पुलिस ने तीनों युवतियों व युवक से चार मोबाइल को बरामद किया है। इन मोबाइल की छानबीन करने के दौरान वीडियो पर आए कमेंट पर हजारों लोगों ने अशोभनीय कमेंट किए थे। इसमें ज्यादातर लोगों ने कंटेंट बेहद खराब होने की बात लिखी थीं। महिलाओं के अपमानित करने का भी हवाला दिया था। पुलिस को छानबीन के दौरान काफी वीडियो मिले सभी का कंटेंट अश्लील या आपत्तिजनक ही मिला।

---

# कातिल मां का खूनी प्लान : प्रेमी के साथ मिलकर की बेटी की हत्या

## पुलिस ने रोशनी और उसके प्रेमी को किया गिरफ्तार




**लखनऊ।** यूपी की राजधानी लखनऊ में एक महिला रोशनी खान ने अपने प्रेमी उदित के साथ मिलकर अपनी छह साल की मासूम बेटी को मार डाला। 36 घंटे तक मासूम बच्ची का शव घर में सड़ता रहा, लेकिन महिला ने किसी को भनक तक न लगने दी। साजिश के तहत बेटी की हत्या का इल्जाम अपने पति शाहरुख खान पर लगाया। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य सबूतों ने रोशनी की पोल खोलकर रख दी। लखनऊ पुलिस ने हत्या की आरोपी रोशनी खान और उसके प्रेमी उदित को गिरफ्तार कर लिया है। आइए जानते हैं आखिर बार डांसर के नाम से मशहूर रोशनी ने अपनी छह साल की मासूम बेटी को क्यों मार डाला और वो कैसे पति को छोड़ प्रेमी उदित के करीब आ गई। कैसे शाहरुख खान और रोशनी की मुलाकात हुई थी।

**ननदों को भी जेल भिजवा चुकी है रोशनी :** आरोप है कि महिला रोशनी ने पति के फ्लैट पर कब्जा करने की नीयत से शाहरुख और उसके परिजनों पर मारपीट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। रोशनी अपने जेठ सलमान, सास परवीन और दो ननदों रुखसार और रूमी के खिलाफ अलग-अलग मामलों में केस दर्ज कराकर सभी को जेल भिजवा चुकी है। इसके बाद रोशनी ने मई माह में पति शाहरूख के साथ मारपीट की और उसको उसी के घर से बाहर कर दिया।

**फ्लैट से अलग किराए के कमरे में रहता है शाहरूख :** रोशनी ने खंदारी बाजार स्थित शाहरूख के चौथे फ्लोर पर बने फ्लैट पर कब्जा जमा लिया और उदित के साथ उसी में रहने लगी। परेशान होकर शाहरूख ने 18 मई को रोशनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद से रोशनी किसी भी हाल में शाहरूख को भी जेल भिजवाना चाहती थी। शाहरूख फ्लैट से अलग किराए के कमरे में रहता है।

घटना वाले दिन यानी सोमवार रात शाहरुख खान फ्लैट पर अपनी बेटी से मिलने पहुंचा था। इसी दौरान पत्नी रोशनी और उसके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, वह वहां से लौट आया। रोशनी ने गुस्से में अपनी बेटी का गला दबाकर हत्या कर दी। फिर पति को फंसाने के लिए करीब 36 घंटे बाद पति को फंसाने के लिए पुलिस को बेटी की हत्या की सूचना दी।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक सोमवार देर रात रोशनी ने पुलिस को फोन कर बताया कि पति ने बेटी सोना की हत्या कर दी है। फोरेंसिक टीम के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। रोशनी की तहरीर पर पति शाहरूख के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर छानबीन शुरू की गई।

### 10 साल पहले हुई थी रोशनी और शाहरूख की शादी

पूरा मामला लखनऊ के कैसरबाग के खंदारी बाजार इलाके का है। यहां रहने वाले शाहरूख खान की मुलाकात रोशनी से समिट बिल्डिंग में पार्टी के दौरान हुई थी। इसी दौरान दोनों करीब आ गए थे। 10 साल पहले दोनों ने शादी कर ली थी। दोनों के एक बेटी हुई। कुछ दिन बाद से दोनों में अक्सर विवाद होना लगा।

### रोशनी को डांसर के नाम से भी जानते हैं लोग

रोशनी को डांस का शौक था और वह अक्सर क्लबों में डांस करने जाती थी। रोशनी को डांसर के नाम से भी लोग जानते हैं। क्लब जाने के दौरान ही रोशनी का संपर्क उदित से हो गया था। इसके बाद से उसका शाहरूख खान से विवाद बढ़ता गया।

### प्रेमी के साथ लिव-इन में रहने लगी रोशनी

धीरे-धीरे दोनों के रिश्ते बिगड़ते चले गए। उदित और रोशनी के बीच बातचीत होने लगी, दोनों की नजदीकी और बढ़ गई, फिर वो साथ आ गए। रोशनी पति को छोड़कर प्रेमी उदित के साथ लिव-इन में रहने लगी। रोशनी के साथ उसकी छह साल की बेटी भी थी।

---

# आरटीआई में खुलासा : हर साल हो रहीं 83 लाख मौतें, 14 वर्षों में आधार निष्क्रिय हुए सिर्फ 1.15 करोड़

**यूआईडीएआई ने 14 साल में केवल 1.15 करोड़ आधार नंबरों को निष्क्रिय किया है, यह आंकड़ा देश की मृत्यु दर को देखते हुए नाटकीय रूप से काफी कम है। एक सूचना के अधिकार (आरटीआई) आवेदन से इस बात की पुष्टि हुई है।**




**नई दिल्ली।** देश में हर साल औसतन 83 लाख लोगों की मौतें हो रही हैं। दूसरी ओर, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने 14 साल पहले कार्यक्रम की शुरूआत के बाद से केवल 1.15 करोड़ आधार नंबरों को निष्क्रिय किया है। यह आंकड़ा देश की मृत्यु दर को देखते हुए नाटकीय रूप से काफी कम है। एक मीडिया हाउस की ओर से दायर सूचना के अधिकार (आरटीआई) आवेदन से इस बात की पुष्टि हुई है।

जून 2025 तक, भारत में 142.39 करोड़ आधार धारक है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार, अप्रैल 2025 तक देश की कुल जनसंख्या 146.39 करोड़ हो जाएगी। दूसरी ओर, नागरिक पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में 2007 से 2019 के बीच हर साल औसतन 83.5 लाख मौतें हुईं। इसके बावजूद, यूआईडीएआई की ओर से मृत लोगों आधार नंबर को निष्क्रिय करने स्पीड आश्चर्यजनक रूप से कम है। कुल अनुमानित मौतों में से 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में आधार नंबर को निष्क्रिय किया गया है। अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि आधार नंबर को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया जटिल है और काफी हद तक राज्य सरकारों की ओर से जारी मृत्यु प्रमाण पत्र और परिवार के सदस्यों की ओर से दी गई जानकारी जैसे बाहरी आंकड़ों पर निर्भर करती है।

यूआईडीएआई यह भी बताया है कि वह आधार के निष्क्रिय होने या जो लोग मृत हो चुके हैं, उसके बाद भी उनके आधार कार्ड सिस्टम में सक्रिय हैं, ऐसा कोई डेटा अपने पास नहीं रखता है। इस खुलासे लोगों लोगों की मौत के बाद उनके सक्रिय आधार नंबर के दुरुपयोग की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह एक ऐसी ऐसी खामी है जो सरकारी योजनाओं, सब्सिडी और अन्य पहचान-संबंधी सेवाओं को प्रभावित कर सकती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस बेमेल स्थिति ने लोगो की मृत्यु मृत्यु रजिस्ट्री और आधार डेटाबेस के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता को उजागर किया है, ताकि दोहराव, पहचान की धोखाधड़ी और कल्याणकारी योजनाओं के वितरण में लीकेज को रोका जा सके।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। गुरुवार 17 जुलाई -2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# आज से मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम हो जाएगा सजग

## अधिकारी रखेंगे पूरी तरह से हर हालात पर नजर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा को लेकर अब भीड़ बढ़ने लगी है। तो मेरठ रोड स्थित मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम का गुरुवार से पूरी तरीके से संचालन हो जाएगा। यहां पुलिस-प्रशासन के अधिकारी नजर रखने का काम करेंगे। तो सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल और उनकी लंबी चौड़ी टीम भी यहां पर अब निगरानी व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम करेगी। गुरुवार को कांवड़ कंट्रोल रूम का उद्घाटन होने के बाद यहां से पूरे कांवड़ मार्ग और कमिश्नरेट के अलग-अलग स्थानों पर निगरानी रखने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। कांवड़ कंट्रोल रूम को चलाने के लिए यहां पुलिस कर्मियों को लगाया गया है। जिसमें इंस्पेक्टर, उप निरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं।

**सिविल डिफेंस की ओर से किया गया है यहां तमाम व्यवस्थाओं को दुरुस्त**



### मेरठ रोड से लेकर दूधेश्वरनाथ मंदिर और जीटी रोड तक कवर हो रहा है एरिया

**करंट क्राइम :** मेरठ रोड स्थित बनाए गए मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम में जहां बड़ी संख्या में सीसीटी कैमरों की निगरानी की जा रही है। तो इसमें दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर, दूधेश्वरनाथ मंदिर मुख्य मार्ग, मेरठ रोड तिराहे से लेकर साहिबाबाद की ओर जाने वाली जीटी रोड के मुख्य हिस्से को कवर किया गया है ताकि मार्ग और दूधेश्वरनाथ प्राचीन शिव मंदिर की सभी गतिविधियों पर अधिकारी एक स्थान पर बैठकर निगरानी और आने वाली समस्याओं का निपटारा किया जा सके।

### जीटी रोड पर लगा दी गई हैं बल्लियों वाली बेरिकेडिंग

**करंट क्राइम :** मुख्य कांवड़ मार्ग वन-वे होने के बाद अब भीड़ बढ़नी शुरू हो गई है। तो मार्ग पर नगर निगम और यातायात पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में बैरिकेडिंग कर दी गई है। बुधवार से जीटी रोड पर यहां साहिबाबाद की ओर और हिंडन नदी मार्ग पर बल्लियां लगाकर बैरिकेडिंग की गई है। तो मेरठ रोड पर पोल बैरियर और यातायात पुलिस के जर्सी बैरियर लगाकर मुख्य कांवड़ मार्ग को डिवाइड किया गया है। इससे मार्ग पर यातायात संचालन ठीक प्रकार से होता रहेगा।

# ठीक ही कहा था निगम के उन बड़े अधिकारी ने

## काश डंपिंग ग्राउंड के लिए भी पार्षद हो जाते एकजुट इतनी ही जिम्मेदारी से





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के नगर निगम क्षेत्र की एक सबसे बड़ी समस्या कूड़ा निस्तारण की है। ये एक ऐसी समस्या है जिसपर काबू पाने में अब तक जो मेयर रहे उनको और जो निगम के बड़े अधिकारी रहे उनको सबको पसीना आ गया है। डंपिंग ग्राउंड का होना एक बड़ी जरूरत है और इसका इंतजाम कर पाना एक बड़ी चुनौती है। ये शहर की बड़ी समस्या है और यही वजह है कि कूड़ा कभी गालंद के डंपिंग ग्राउंड में जाता है तो कभी क्रॉसिंग में शिफ्ट कर लेता है। कूड़ा कम या अधिक मात्रा में हर वार्ड में है और ये अब मीट्रिक टन के हिसाब से आ रहा है। पार्षद एकजुट होकर हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में सामने आ गए। पक्ष और विपक्ष एक साथ हाथ मिलाकर टैक्स बढ़ोत्तरी खड़े हो गए। सदन से लेकर कोर्ट तक लड़ाई लड़ रहे हैं। बैठक का दौर चला, पार्षदों की बैठक हुई और फिर नगर निगम बोर्ड की विशेष बैठक हुई और पार्षदों ने जनप्रतिनिधियों को बुला लिया। पूरा सदन एकजुट हो गया। जब पार्षदों की ये एकजुटता चल रही थी तब नगर निगम के इस अधिकारी ने इस एकजुटता पर अपने भी विचार रख दिये। उन्होंने कहा कि जितनी एकजुटता पार्षदों ने हाउस टैक्स के बढ़ाए जाने के विरोध में दिखाई है, काश ये यारे पार्षद एकजुट होकर डंपिंग ग्राउंड के लिये भी इसी तरह आ जाएं तो समस्या का समाधान हो जाए। उन्होंने कहा कि सवाल यही है कि पार्षद डंपिंग ग्राउंड के मुद्दे पर एकजुट क्यों नहीं होते।

यहां पर क्यों मेरा कूड़ा-तेरा कूड़ा वाला सवाल हो जाता है। ये एक ऐसा मुद्दा है जिस पर पार्षद एकजुट नहीं होते और कूड़ा है कि हर घर से निकलता है, हर दुकान से निकलता है। अगर पार्षद एकजुट हो जाएं तो फिर इस समस्या का भी समाधान निकल सकता है। एक स्पेशल मीटिंग कूड़ा निस्तारण की भी बुलाई जा सकती है। सर्वसम्मति से डंपिंग ग्राउंड का प्रस्ताव लाया जा सकता है। आखिर पार्षदों को इस मुद्दे पर एकजुट होने पर क्या दिक्कत है।

### जब लग गए थे पूरे शहर में कूड़े के ढेर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** निगम के अधिकारी ने पार्षदों की एकजुटता पर जो कहा ये बात सुनने में तो करारी है लेकिन हमें ये भी समझना होगा कि डंपिंग ग्राउंड हरएक पार्षद की, हर एक जनप्रतिनिधि की और पूरे नगर निगम की जिम्मेदारी है। डंपिंग ग्राउंड को लेकर नगर निगम का रिकॉर्ड गवाह है कि एक दौर ऐसा आया था कि जब हर वार्ड में कूड़े के ढेर लग गए थे। सर्विस लाइन में कूड़ा डाला गया था। रईसपुर गांव की तरफ जाने वाला एक रास्ता तो आज भी उस समय लगे कूड़े के ढेर से अवमुक्त नहीं हो पाया है। एक विधायक ने तो बड़े मंत्री के सामने अपनी विधानसभा में डाले जा रहे कूड़े का मामला उठाया था। हर वार्ड में कूड़े की लड़ाई है। स्वच्छता का मैडल लेने के चक्कर में नगर निगम ने लाखों रुपए का डीजल खर्च कर कूड़ा गाजियाबाद से मेरठ भिजवाया था। समय इस बात का गवाह है कि मेरठ वालों ने गाजियाबाद का कूड़ा वापस लौटाया था। स्वच्छता के अवॉर्ड तो मिल गए लेकिन वार्ड में कूड़ा अभी एक चुनौती है। अगर कभी कूड़ा निस्तारण को लेकर पेंच फंस गया तो फिर से सड़कों के किनारे कूड़े के ढेर लगेंगे। एक डंपिंग ग्राउंड सबसे बड़ी जरूरत है और इसके लिये पूरे गाजियाबाद को एकजुट होकर आगे आना होगा।

**नगर आयुक्त के नेतृत्व में सिटी प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को मिल रही रफ्तार**

# '15 अक्टूबर के बाद तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वालों पर लगेगा ब्रेक'





शहर के 41 स्थानों पर सिग्नल फाउंडेशन का काम हुआ पूरा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शुरू किया गया ड्रीम प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को लगातार रफ्तार मिल रही है। तो वहीं महापौर, नगर आयुक्त और नगर निगम अधिकारियों के नेतृत्व में गाजियाबाद में लगभग दो करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की बिल्डिंग तैयार की गई है। जिसमें नगर आयुक्त के नेतृत्व में 53 करोड़ की लागत से राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत इस पूरे सिस्टम को रफ्तार दी गई थी। इसके तहत गाजियाबाद शहर के प्रमुख 41 स्थानों पर सिग्नल फाउंडेशन का काम पूरा कर लिया गया है। इसके बाद 16 स्थानों पर 78 कैमरे लगाकर सुरक्षा का बड़ा घेरा बनाया जाएगा। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू होने से जहां यातायात को रफ्तार मिलेगी, तो शहर सुंदर साफ और सुरक्षित भी बनेगा।



नगर आयुक्त
विक्रमादित्य सिंह मलिक

### अक्टूबर तक पूरा करना है प्रोजेक्ट



**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम प्रोजेक्ट को 15 अक्टूबर तक पूरा करना है। इसके लिए तेज गति से काम चल रहा है, जिसमें अब तक 41 सिगनलों के फाउंडेशन लगाए जा चुके हैं। तो वहीं ट्रैफिक लाइट और पोल लगाने का काम भी तेज रफ्तार से चल रहा है अगर अक्टूबर से पहले यह प्रोजेक्ट शुरू हो जाता है, तो गाजियाबाद नगर वासियों और नगर निगम के लिए यह दीपावली गिफ्ट रहेगा, जो शहर को मिलेगा। इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम शुरू होने से जहां यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। तो वहीं अधिकांश मार्गों पर जो वाहन निकलेंगे वह सीसीटीवी की निगरानी में होंगे। जिससे अपराध नियंत्रण को भी मजबूती मिलेगी, साथ ही नगर निगम के कंट्रोल रूम के पास सभी प्रकार की वीडियो रिकॉर्डिंग और फुटेज उपलब्ध होगी।

### तिगड़ी गोल चक्कर से लेकर वजीराबाद-डीएलएफ तक सब होगा कैमरों में कैद



**करंट क्राइम :** नगर निगम के इस टीम प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की बिल्डिंग को बनाकर जहां पूरा करने का काम चल रहा है। तो वहीं इस पूरे प्रोजेक्ट को 15 अक्टूबर तक पूरा करना है। इसके तहत 16 प्रमुख स्थानों पर 78 हाई क्वालिटी के कैमरे लगाए जाएंगे। जो दिन और रात दोनों समय काम करेंगे। उनकी वीडियो क्वालिटी भी उच्च क्षमता वाली रहेगी। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया है कि जो 78 कैमरे इंस्टॉल किए जाएंगे, उसमें तिगड़ी गोल चक्कर, शालीमार गार्डन 100 फुटा रोड, दुहाई मेरठ रोड, इंदिरापुरी, यूपी गेट ,लाल कुआं, साबरी रोड, कौशांबी डिपो, कौशांबी बस स्टैंड, सूर्य नगर रोड, चौधरी चरण सिंह मार्ग, अप्सरा बॉर्डर, भोपुरा रोड, वजीराबाद रोड, डीएलएफ रोड पर विशेष कैमरे लगाए जाएंगे, जो बेहद आधुनिक होने के साथ ही हाई स्पीड से आने वाले वाहनों को भी इसमें कैद करेंगे। इस पूरे प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए खुद महापौर सुनीता दयाल भी समय-समय पर मॉनिटरिंग और सुधार के निर्देश दे रही हैं। तो नगर आयुक्त भी इसे प्रमुखता के साथ देख रहे हैं।

# 548 बॉडी वॉर्न कैमरों की निगरानी से गुजरेगी गाजियाबाद की कांवड़ यात्रा

**मोदीनगर से लेकर लोनी तक तैनात पुलिसकर्मी करेंगे इस्तेमाल**





### कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्वक करने के लिए पुलिस कमिश्नरेट का प्लान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कांवड़ यात्रा में धीरे-धीरे शिव भक्तों की भीड़ बढ़ रही है। तो आने वाले दिनों में दिल्ली, हरियाणा एनसीआर से जाने वाले कांवड़ियों की संख्या में इजाफा देखने को मिलेगा। तो वहीं लौटने वाले शिव भक्तों की संख्या भी बढ़ेगी। कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार का हादसा, दुर्घटना एवं अपराध ना हो, उसको रोकने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस बार तीनों जोन को मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा 548 बॉडी वॉर्न कैमरों की मदद से शिव भक्तों और कांवड़ियों की निगरानी रखी जाएगी। मेरठ से जैसे ही कांवड़ियां मोदीनगर के कादराबाद से जैसे ही एंट्री करेंगे और लोनी से निकलकर दिल्ली में प्रवेश करेंगे तब तक मार्ग पर आने वाले अलग-अलग थानाक्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों के बॉडी वॉर्न कैमरे में रिकॉर्ड होगा।

इसका फायदा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को यह मिलेगा कि किसी भी दुर्घटना, हादसे या हंगामे की रियल टाइम फुटेज रिकॉर्ड हो जाएगी। तो वहीं किसी भी जांच एवं पड़ताल में पुलिस को काफी आसानी होगी।

### हर जोन में 100- 100 पुलिसकर्मी और ट्रैफिकर्मियों पर भी रहेंगे कैमरे



करंट क्राइम : डीसीपी ट्रांस हिंडन और पुलिस लाइन का प्रभार संभाल रहे आईपीएस अधिकारी निमिष दशरथ पाटिल ने जानकारी दी है कि वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पास 548 बॉडी वॉर्न कैमरे हैं। यह सभी बीते दिनों प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के मद्देनजर लिए गए थे। सभी उच्च क्वालिटी के कैमरे और अधिक क्षमता वाली रिकॉर्डिंग से लैस हैं। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक जोन में सौ- सौ पुलिसकर्मी ऐसे तैनात किए जा रहे हैं जिनके पास बॉडी वॉर्न कैमरे रहेंगे। तो लगभग 200 से अधिक कैमरे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के पास भी रहेंगे ताकि वह हर गतिविधि को इसमें रिकॉर्ड कर सके। साथ ही कई थाना प्रभारी और इंस्पेक्टर जो कांवड़ मार्ग पर ड्यूटी दे रहे हैं ,उनको भी बॉडी वॉर्न कैमरों से लैस किया जाएगा ताकि सुरक्षा के लिहाज से इसका इस्तेमाल किया जाए।

### क्या होता है बॉडी वॉर्न कैमरा

करंट क्राइम : बॉडी वॉर्न कैमरा पुलिसकर्मियों की वर्दी पर ही लगा रहता है। यह मोबाइल के आकार का है। इसमें होने वाली रिकॉर्डिंग उसमें लगे सॉफ्टवेयर में सेव होती है। इसमें किसी भी तरह की छेड़छाड़ की संभावना नहीं है। कोई भी पुलिसकर्मी कार्रवाई के दौरान फुटेज को अगर डिलीट भी करना चाहे तो उसे हटाना संभव नहीं है। यानी कैमरे में कैद पूरी फुटेज को देखा जा सकता है।

### कैमरे लगाने से पुलिस व लोगों को ये फायदे होंगे



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया है कि यह कैमरा सारी गतिविधियों को रिकॉर्ड करेगा। वहीं पुलिस पर अगर कोई हमला करता है तो उसके सबूत भी इस कैमरे में रिकॉर्ड हो जाएंगे। इसके साथ ही पुलिस, आम लोगों के बीच टकराव या विवाद की स्थिति में बॉडी वार्न कैमरा से घटना की पूरी और सही जानकारी सबूत के साथ मिलेगी। कोई पक्ष झूठ का सहारा नहीं ले सकेगा और पुलिस को भी आसानी रहेगी। वहीं इससे कई प्रकार की शिकायतें भी कम होंगी। ड्यूटी के दौरान पुलिस भी सतर्क रहेंगे।

# कुछ ऐसा है शहर विधायक संजीव शर्मा का व्यवहार

## अध्यक्षी से लेकर विधायकी तक सजा रहता है उनका दरबार





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में जलवा या तो सरकार का होता है या फिर व्यवहार का होता है। कुछ नेता ऐसे होते हैं जिनका व्यवहार उन्हें हमेशा राजनीति में जिंदा रखता है। ये नेता अपने क्षेत्र में अपनी एक टीआरपी के साथ चलते हैं। बात सरकार और व्यवहार की करें तो यहां शहर विधायक संजीव शर्मा का जलवा सबसे अलग है। इसमें कोई शकर नहीं है कि संजीव शर्मा को सफलता की कोई भी कहानी विरासत में नहीं मिली। उनके परिवार का कोई राजनीति इतिहास नहीं रहा। उनके परिवार में कोई जनप्रतिनिधि नहीं रहा और इसके बावजूद ये एक बड़ी बात है कि संजीव शर्मा ने अपनी सियासी जमीन खुद तैयारी की है।

संजीव शर्मा ने राजनीति में एक लंबा संघर्ष किया है। युवा मोर्चा से लेकर विधानसभा के विधायक होने तक कई पड़ाव पार किये हैं। ये उनका एक सफल काल कहा जाएगा, ये उनका व्यवहार कहा जाएगा कि युवा मोर्चा के अध्यक्ष से लेकर उन्होंने सांसद प्रतिनिधि का सफर तय किया और जब उन्हें महानगर अध्यक्ष की कमान मिली तो उन्होंने अपने व्यवहार से एक मिसाल कायम की और सबसे बड़ी बात ये है कि दो सफल कार्यकाल उनके खाते में आए। एक ऐसे महानगर अध्यक्ष के रूप में पहचान बनाई कि जिन्हें ऐसे समय में लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनाया गया जब महानगर अध्यक्ष का पद हाई डिमांड में है और बूथ अध्यक्ष बनने के लिये भी मारामारी मच रही है। ऐसे समय में संजीव शर्मा लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बनाए गए और वो उत्तर प्रदेश में दूसरे ऐसे अध्यक्ष थे जिन्हें लगातार दूसरी बार मौका मिला। ये राजनीति में उन्होंने अपनी छाप छोड़ी जब संगठन ने ये माना कि लगातार दूसरी बार भी कप्तानी संजीव शर्मा को दी जानी है।

संजीव शर्मा की टीआरपी वर्तमान लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की जुबानी उन्हीं के जन्मदिन पर आई थी जब अतुल गर्ग ने संजीव शर्मा को अब तक का सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष बताया था। ये इसी बात का प्रमाण है कि दूसरी बार भी संजीव शर्मा को पद तब मिला जब पार्टी सर्वे कराकर कोई फैसला ले रही थी और यकीनन संजीव शर्मा उस सर्वे में लोकप्रियता के टॉप पर आए थे, तभी तो वो लगातार दूसरी बार महानगर अध्यक्ष बनकर आए और महानगर अध्यक्ष रहते हुए उनकी राजनीति में टॉप गियर तब लगा जब अतुल गर्ग लोकसभा का चुनाव जीतकर सांसद बन गए और शहर विधानसभा के लिय उपचुनाव हुए। उपचुनाव में दावेदारों की भरमार थी और यहां भी संजीव शर्मा के नाम पर संगठन ने सहमति की मुहर लगाई और संजीव शर्मा को उम्मीदवार बनाया। संजीव शर्मा चुनाव जीते और विधायक बन गए।

महानगर अध्यक्ष बनने से लेकर शहर विधायक बनने तक के सफर में व्यवहार आज भी वही है और ये व्यवहार ही है कि जो दरबार कभी अध्यक्ष होते हुए लगा करता था वो दरबार आज विधायक बनने पर लग रहा है। वो अध्यक्ष थे तो महानगर कार्यालय इस बात की गवाही है कि रोजाना कोई मिठाई तो कोई समोसे लेकर आ रहा होता था। सभी मिल बैठकर हास्य परिहास के साथ एक साथ जलपान करते थे। हल्की नोंकझोंक भी होती थी, लेकिन कभी अभद्रता या अनुशनहीनता नहीं होती थी। संजीव शर्मा अपने इस व्यवहार को अपने इस प्यार को पूरे काफिले के साथ विधायक बनने के बाद भी लेकर चल रहे हैं। हर किसी से उनका अपनेपन का भाव रहता है। अक्सर ये चर्चा चलती है कि उनकी टीआरपी महानगर अध्यक्ष पद पर ज्यादा थी या विधायक बनने के बाद ज्यादा हुई है तो जवाब यही होता है कि वो अपनी टीआरपी का काफिला अपनी विधानसभा में ले आए हैं।

अगर किसी को कोई डाउट हो तो सुबह सवेरे उनके लाइनपार वाले आवास आकर देख लें। सुबह से ही उनके घर पर एक मेला लगता है और ये संजीव शर्मा का स्टाइल है कि वो सामने वाले की हैसियत का आंकलन नहीं करते बल्कि उसकी जरूरत और उसकी सहायता करने का आंकलन करते हैं। जेब से मोबाइल निकालते हैं और तत्काल अधिकारी को फोन मिला देते हैं। ये उनका अंदाज है कि फरियाद लेकर आए फरियादी के चेहरे पर वो अपने व्यवहार से मुस्कान ला देते हैं। टीआरपी के वो आज भी बादशाह हैं। घर से निकलकर जब वो चौधरी मोड वाले ऑफिस पर आ जाते हैं तो सिलसिला यहां भी वहीं जारी रहता है। यहां का दफ्तर भी देवतुल्यों से गुलजार रहता है। दरअसल गाजियाबाद की राजनीति को देखें तो यहां कार्यकर्ता अपना एक प्रोफाइल लिये हुए है। उनको व्यवहार और प्यार चाहिए।

संजीव शर्मा यहां एक अध्यक्ष के रूप में एक विधायक के रूप में और एक नेता के रूप में इस नब्ज को बेहतर तरीके से जानते हैं। यही वजह है कि कई बार तो दूसरी विधानसभा वाले भी अपना काम लेकर शहर वाली विधानसभा में आते हैं। सुना है कि यहां सुनवाई भी होती है और काम भी हो जाते हैं।

पूरे काफिले को परिवार की तरह जोड़कर चलना संजीव शर्मा के व्यवहार की एक खूबी है। राजनीति में आए नए चेहरे उनसे काफी कुछ सीख सकते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि वो इस बात की मिसाल बने हैं कि विरासत में कुछ मिला या नहीं मिला लेकिन अपने दम पर राजनीति में अपना किला कैसे खड़ा किया जाता है। अपने व्यवहार से कैसे सबको अपना किया जाता है।



## संपादकीय

# समोसे, जलेबी से सावधान

हम भारतीय करीब 7 करोड़ समोसे हर रोज खा जाते हैं। अनुमान यह भी है कि हम 2163 करोड़ समोसे सालाना खाते हैं। एक औसत समोसे में 262 कैलोरी होती हैं। यदि समोसे का आकार बड़ा हो, तो कैलोरी 400 से भी अधिक हो सकती हैं। भारत में समोसे का बाजार 25,000 करोड़ रुपए का बताया जाता है। इससे भी बड़ा बाजार मोमोज का है, जो करीब 30,000 करोड़ रुपए का बताया जाता है। यकीन नहीं होता, बल्कि आश्चर्य होता है, लेकिन ये बाजार मौजूद हैं। इतना बड़ा बाजार, लोगों के असीमित खर्च, लेकिन हम एक खामोश मौत की तरफ बढ़ रहे हैं। समोसे, कचौड़ी, पकौड़े जिस तेल में बार-बार तले जाते हैं, वह तेल विषाक्त हो जाता है। मानवीय सेहत के लिए जानलेवा भी साबित होता रहा है। सामान्यत: कचौड़ी में 10 ग्राम, 10 पकौड़ों में 14 ग्राम, एक बर्गर में 31 ग्राम, 4 स्लाइस पिज्जा में 40 ग्राम वसा होती है। हम लगातार यह वसा (फैट) अपने शरीर में जमा करते जा रहे हैं। यदि आप चाहते हैं कि हर रोज 45 मिनट सैर कर लें, तो भी यह वसा एक निश्चित मात्रा में शरीर में रहती है। नतीजतन कैंसर, दिल का दौरा, खराब कोलेस्ट्रॉल, उच्च रक्तचाप, टाइप टू मधुमेह आदि बीमारियां तो सर्वज्ञात हैं। उनके अलावा, अन्य विसंगतियां हमारे भीतर पल रही हैं, उनकी जानकारी तब सामने आती है, जब मौत हो जाती है। हम भारतीय जलेबी, लड्डू, बर्फी या अन्य मिष्ठान्न का खूब उपभोग करते हैं। हमारे समारोह मीठे से ही संपन्न होते हैं, हमारा नाश्ता भी मिठाई ही है, क्योंकि यह स्वाद हमारे संस्कारों में बसा है। औसतन 100 ग्राम जलेबी में 40 कैलोरी होती हैं। गुलाब जामुन में 32 ग्राम, सॉफ्ट ड्रिंक में 32 ग्राम, चॉकलेट में 25 ग्राम चीनी होती है। हमें एक दिन में अधिकतम 25 ग्राम चीनी का सेवन करना चाहिए। यह सीमा तो हर रोज लांघी जा रही है। अब कमोबेश तेल और चीनी के सेवन के मद्देनजर भारत सरकार चिंतित हुई है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री मोदी ने भी बढ़ते मोटापे पर अपनी चिंता और अपना सरोकार जताया था और 10 फीसदी तेल का सेवन कम करने का आह्वान किया था, ताकि देश फिट रह सके। अब इससे भी आगे की ह्यचेतावनीह्ल देने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों को कहा है कि वे समोसा, कचौड़ी, फ्रेंच फ्राइज, जलेबी, बर्फी और वड़ा पाव समेत अन्य खाद्य सामग्री में तेल और चीनी की मात्रा का उल्लेख करते हुए बोर्ड अपने दफ्तरों और कैंटीन में लगवाएं। सार्वजनिक स्थानों पर भी ऐसे बोर्ड लगाए जाएं, ताकि स्वस्थ जीवन-शैली को बढ़ावा दिया जा सके और मोटापे तथा गैर-संचारी रोगों से निपटा जा सके। गौरतलब यह है कि सरकार समोसे और जलेबी पर किसी भी तरह की पाबंदी थोपने नहीं जा रही है। यह जागृति का अभियान है, जिसके साथ ह्यचेतावनीह्ल भी जुड़ी है। यह चेतावनी भी सिगरेट और शराब के साथ जुड़ी चेतावनी जैसी ही होगी। सिगरेट और शराब का कारोबार तथा उपभोग चेतावनी के बावजूद कम नहीं हुए हैं।

# पीएम धन-धान्य कृषि योजना को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी, हर साल खर्च होंगे 24000 करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने 36 योजनाओं को मिलाकर 24,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह एलान किया है। सरकार ने एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 7,000 करोड़ रुपये की भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावे कैबिनेट ने एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 20,000 करोड़ रुपये की मंजूरी देने पर भी अपनी मुहर लगा दी है। क्या है प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना मंत्रिमंडल ने बुधवार को छह साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत हर वर्ष 24,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसमें 100 जिले शामिल होंगे। केंद्रीय बजट में घोषित यह कार्यक्रम 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत करेगा और फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि



पद्धतियों को अपनाने मदद देगा।

### एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा में 20000 करोड़ रुपये के निवेश की मंजूरी

केंद्र सरकार ने बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी को 2032 तक 60 गीगावाट क्षमता हासिल करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विस्तार पर 20,000 करोड़ रुपये तक निवेश करने की अनुमति दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) में लिए गए निर्णय के बारे में बताया। एनटीपीसी के लिए पहले स्वीकृत निर्धारित सीमा 7,500 करोड़ रुपये थी। सरकार की ओर से बताया गया है कि एनटीपीसी और एनजीईएल को दी गई अनुमति देश में नवीकरणीय परियोजनाओं के त्वरित विकास में मदद करेगी।

### भंडारण और सिंचाई सुविधाओं में होगा सुधार

केंद्रीय मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णय के बारे में जानकारी साझा करते हुए, सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम धन-धान्य कृषि योजना से फसल के बाद भंडारण में वृद्धि होगी, सिंचाई सुविधाओं में सुधार होगा और कृषि उत्पादकता में वृद्धि होगी। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलने की संभावना है।

### एनएलसी इंडिया एनआईआरएल में कर सकेगा 7000 करोड़ रुपये का निवेश

सरकार ने बुधवार को एनएलसी इंडिया को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनआईआरएल में 7,000 करोड़ रुपये निवेश करने की अनुमति दे दी। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की ओर से लिया गया। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) को नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) पर लागू मौजूदा निवेश दिशानिर्देशों से विशेष छूट देने को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, इस रणनीतिक निर्णय से एनएलसीआईएल को अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश करने में मदद मिलेगी।

# सोना 500 रुपये फिसलकर 98870 रुपये पर, चांदी 1000 रुपये टूटी

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की बिकवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ 500 रुपये घटकर 98,870 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने इसकी पुष्टि की है। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु 200 रुपए की गिरावट के साथ 99,370 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये गिरकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर आ गया। पिछले बाजार सत्र में यह 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



बुधवार को चांदी की कीमत 1,000 रुपये घटकर 1,11,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। मंगलवार को चांदी की कीमत 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसके विपरीत, वैश्विक बाजारों में सोना हाजिर 16.41 डॉलर या 0.49 प्रतिशत बढ़कर 3,341.37 डॉलर प्रति औंस हो गया।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ संबंधी नई धमकियों के कारण सोना बढ़कर 3,346 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। ट्रंप ने संकेत दिया है कि महीने के अंत तक फार्मा उद्योग पर शुल्क लगाया जा सकता है। इसके साथ ही अमेरिका सेमीकंडक्टर पर भी अतिरिक्त शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है।

कोटक सिक्योरिटीज की कमोडिटी रिसर्च की एवीपी कायनात चैनवाला ने कहा, कनाडा, मैक्सिको और यूरोपीय संघ सहित 25 देशों पर नए टैरिफ लागू होने के कारण जोखिम उठाने की क्षमता कम बनी हुई है।₹ वैश्विक मोर्चे पर, हाजिर चांदी करीब 1 प्रतिशत बढ़कर 38.05 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। जानकारों के अनुसार, सोना मजबूत हो रहा है, जबकि चांदी टूट रही है।

# बॉन्ड जारी कर 20 हजार करोड़ रुपये जुटाएगा भारतीय स्टेट बैंक, बोर्ड से मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े सरकारी ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बोर्ड ने बुधवार को बेसल क्क्क-कंप्लायंट अतिरिक्त टियर 1 और टियर 2 बॉन्ड जारी करके 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है।

भारत के सबसे बड़े सरकारी ऋणदाता, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बोर्ड ने बुधवार को बेसल क्क्क-कंप्लायंट अतिरिक्त टियर 1 और टियर 2 बॉन्ड जारी करके 20,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना को मंजूरी दे दी है। एसबीआई ने एक्सचेंजों बताया है कि बैंक चालू वित्त वर्ष के दौरान घरेलू निवेशकों को बॉन्ड जारी करेगा।



धन जुटाने की घोषणा के बाद, बैंक के शेयर एनएसई पर 2% से अधिक बढ़कर 834 रुपये के दिन के उच्चतम स्तर पर कारोबार करते दिखे।

# बेहतर मानसून से भारत का चीनी उत्पादन 15% बढ़ेगा इथेनॉल मूल्य नहीं बढ़ा तो मुनाफा रहेगा सीमित

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार बेहतर मानसून के पूर्वानुमान से गन्ने की खेती और उपज में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इससे चीनी उत्पादन में 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी और कंपनियों के राजस्व में 6 से 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। बेहतर मानसून के पूर्वानुमान से गन्ने की खेती और उपज में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके परिणामस्वरूप चीनी उत्पादन में 15 प्रतिशत की वृद्धि होगी। रेटिंग एजेंसी



आईसीआरए की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस वर्ष महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने की खेती में बेहतर पैदावार होने की संभावना है।

### 2026 में उत्पादन बढ़कर 34 मिलयन मीट्रिक टन होने की संभावना

आईसीआरए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीशकुमार कदम ने कहा कि बेहतर मानसून और प्रमुख चीनी उत्पादक राज्यों में गन्ना रकबे और उपज में अपेक्षित सुधार होगा। इस बीच सकल चीनी उत्पादन 2020-25 के 29.6 मिलियन मीट्रिक टन से बढ़कर चीनी विपणन वर्ष 2026 में 34 मिलियन मीट्रिक टन हो जाएगा ।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन मिलने के बाद यह नीला हो जाता है।
- पक्षियों को निगलने के लिए ग्रेविटी की जरूरत होती है।
- अंग्रेजी अल्फाबेट का सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला लेटर ए है।
- विश्व की दो सबसे अधिक कॉमन इस्तेमाल होने वाली भाषाएं मैंड्रियन चायनीज, स्पैनिश और अंग्रेजी है।

# मामूली बढ़त के बाद हरे निशान पर बंद हुआ बाजार



### सेंसेक्स 63 अंक चढ़ा, निफ्टी 25200 के पार

**नई दिल्ली।** मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बुधवार को 63.57 अंक उछलकर 82,634.48 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 16.25 अंक की बढ़त के साथ 25,212.05 पर बंद हुआ। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन यानी बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 63.57 अंक या 0.08 प्रतिशत उछलकर 82,634.48 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 16.25 अंक या 0.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,212.05 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 18 पैसे गिरकर 85.94 (अनंतिम) पर बंद हुआ।

## राशिफल

**मेष:** आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपके वरिष्ठ सहयोगी आपको पूरा सहयोग देंगे। आपके कई लोगों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रहेंगे।

**वृष:** आज का दिन अनुकूल रहेगा। आपके जीवन में कोई नया प्रेम प्रसंग शुरू हो सकता है। आपको शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मिथुन:** आज डर लगेगा। लेकिन आपका डर बेवजह होगा। इसलिए इसकी चिंता न करें और खुद को शांत रखें। व्यापार यात्रा सफल रहेगी।

**कर्क:** संतान से सहयोग मिलने के योग हैं। धन या रोजगार से जुड़ा कोई शुभ समाचार मिलने के भी योग बन रहे हैं।

**सिंह:** आप एक महत्वाकांक्षी योजना में प्रवेश कर सकते हैं। यदि आप साझेदारी या संघ में प्रवेश करना चाहते हैं, तो सकारात्मक विकास संभव है।

**कन्या:** आज आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से नौकरी का कॉल आ सकता है।

**तुला:** प्रौद्योगिकी और साहित्य के क्षेत्र में एक नई पहचान बनेगी। मतलब स्रोत उन्नत रहेंगे। आज आपके दिल और दिमाग में रोमांस बना रहेगा।

**वृश्चिक:** एक सुखद और आनंददायक दिन होगा। आप भी अपने आप में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे। करियर के लिहाज से दिन यादगार है।

**धनु:** आज अति आशावादी न हों और बहुत सतर्क रहने की कोशिश करें। तीव्र प्रगति के बावजूद, धीरे-धीरे आगे बढ़ने व व्यवस्थित रूप से कार्य करने की आवश्यकता है।

**मकर:** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। यदि आप कोई बड़ा व्यापारिक सौदा करने जा रहे हैं तो आपको बहुत सोच समझकर निर्णय लेने की जरूरत है।

**कुंभ:** आज आपको परिवार से जुड़े मामलों पर ध्यान देना होगा। कुछ घरेलू उलझे हुए मामले सुलझ सकते हैं। उलझन को सुलझाए, नहीं तो उलझन हो सकती है।

**मीन:** भाग्य आपका साथ दे सकता है। आज के हालात और जिन लोगों से आप मिलते हैं, वे आपको कुछ नया करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

## चुटकुले

माँ गुस्से में अपने बेटे से : तू बाल क्यूं नहीं कटवाता है?
वेटा : क्या प्रोब्लम है माँ, ये आजकल का फैशन है।
माँ गुस्से में : आग लगे इस फैशन को, लड़के वाले तेरी बहन को देखने आये थे तुझे पसंद करके चले गए।

---

पप्पू- पापा मुझे डीजे खरीदकर दो।
पापा- नहीं दूंगा तू लोगो को तंग करेगा।
पप्पू- नहीं पापा, मैं किसी को तंग नही करूँगा जब सब सो जायेंगे तभी बजाया करूँगा।

---

मास्टर पप्पू से :- एक तरफ पैसा, दुसरी तरफ अक्कल, तो तुम क्या चुनोगे ?
पप्पू : पैसा
मास्टर :- गलत, मै होता तो में अक्ल चुनता
पप्पू :- आप सही कह रहे हो सर,
जिसके पास जिस चीज की कमी होती है वो वही तो चुनेगा।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# केएससीए टी20 की पहले नीलामी में आरसीबी के इस स्टार का जलवा, बना सबसे महंगा खिलाड़ी





**नई दिल्ली।** भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 से पहले हुई खिलाड़ियों की नीलामी में सर्वाधिक 13.20 लाख रुपये की बोली हासिल की। देवदत्त के लिए 11 से 27 अगस्त तक दर्शकों के बिना आयोजित होने वाली लीग के लिए हुबली टाइगर्स ने सबसे बड़ी बोली लगाई।

सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले अभिनव मनोहर और पूर्व भारतीय बल्लेबाज मनीष पांडे को दूसरी सबसे ऊंची बोली मिली। मनोहर के लिए हुबली टाइगर्स और पांडे के लिए मैसूर वॉरियर्स ने एक समान 12.20 लाख रुपये खर्च किए। गेंदबाजों में शिवमोग्गा लायंस ने कर्नाटक के तेज गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा के लिए 10.80 लाख रुपये की बड़ी बोली लगाई, जबकि बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने तेज गेंदबाज विद्याधर पाटिल के लिए 8.30 लाख रुपये खर्च किए।

शिवमोग्गा लायंस ने भारत ए के बल्लेबाज अनीश्वर गौतम को 8.20 लाख रुपये में अपनी टीम से जोड़ा, जबकि मैंगलोर ड्रैगन्स ने अनुभवी श्रेयस गोपाल के लिए 8.60 लाख रुपये की बोली लगाई। प्रत्येक टीम अपने संबंधित क्षेत्र से दो और खिलाड़ियों को अपने दल में शामिल करेगी।

# लास वेगास फ्री स्टाइल शतरंज में भारतीय दल की अगुआई करेंगे प्रज्ञानंद, गुकेश नहीं होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद लास वेगास फ्री स्टाइल शतरंज टूनार्मेंट में भारतीय दल की अगुआई करेंगे। वहीं, विश्व चैंपियन डी गुकेश इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं होंगे क्योंकि उन्हें एक महीने के अंदर ग्रैंडमास्टर टूर के मुख्य टूनार्मेंट में हिस्सा लेना है।

प्रज्ञानंद को 16 खिलाड़ियों के इस टूनार्मेंट में मैग्नस कार्लसन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। अर्जुन एरिगेसी और विदित गुजराती दूसरे पूल में साथ होंगे।




**19 वर्षीय प्रज्ञानंद अपने अभियान की शुरूआत उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ करेंगे।**

### खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेंगे कार्लसन

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेंगे। प्रत्येक ग्रुप में आठ खिलाड़ी हैं और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में पहुंचेंगे जबकि इसके बाद निचले स्थान पर रहने वाले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। 19 वर्षीय प्रज्ञानंद अपने अभियान की शुरूआत उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ करेंगे। कार्लसन अपने शुरूआती दौर में पहले चरण के विजेता जर्मनी के विन्सेंट कीमर से भिड़ेंगे।

अमेरिका के हैंस नीमन फ्रीस्टाइल शतरंज टूनार्मेंट में पहली बार भाग लेंगे और पहली बाजी में एरिगेसी के सामने होंगे। वहीं गुजराती का सामना अमेरिका के फैबियानो कारुआना से होगा। पहली बार एक महिला खिलाड़ी कजाखस्तान की बिबिसारा असाऊबुयेवा को विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए टीम में शामिल किया गया है। फ्रीस्टाइल शतरंज 'फिशर रैंडम शतरंज' या 'शतरंज 960' का एक नया नाम है जिसमें खेल की शुरूआत में मोहरों की स्थिति बेतरतीब ढंग से बदल जाती है।

# इस साल 10 फिडे ट्रेनिंग सेमिनार की मेजबानी करेगा एआईसीएफ, उभरती प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करना है उद्देश्य

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने उभरती हुई प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने के लिए सेमिनार आयोजित करने का फैसला किया है। इसके तहत एआईसीएफ इस साल 10 और अगले साल जनवरी में एक फिडे ट्रेनिंग सेमिनार की मेजबानी करेगा। इन सेमिनार का उद्देश्य भारतीय शतरंज प्रशिक्षकों को सभी स्तरों की उभरती प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने के लिए सशक्त बनाना है।



इस सेमिनार की शुरूआत अगस्त में विजयवाड़ा में होगी और अंतिम सेमिनार जनवरी 2026 में रांची में होगा। देश के अन्य शहरों में भी सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। टीआरजी (फिडे प्रशिक्षक आयोग) के अध्यक्ष सामी खादर ने कहा, पहली बार हम एक राष्ट्रीय महासंघ को एक ही कैलेंडर वर्ष में 10 फिडे ट्रेनर सेमिनार आयोजित करते हुए देख रहे हैं और 11वें सेमिनार का प्रस्ताव जनवरी के लिए पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। एआईसीएफ की यह उत्कृष्ट पहल शतरंज प्रशिक्षकों को विकसित करने और पूरे क्षेत्र में प्रशिक्षण मानकों को ऊंचा उठाने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता आरबी रमेश, भारतीय टीम के मुख्य कोच एन श्रीनाथ, भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच अभिजीत कुंटे, ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से और ग्रैंडमास्टर तेजस बाकरे जैसे शीर्ष भारतीय कोच ने इन सेमिनार में कोच के रूप में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

# स्ट्राइकर दीपिका ने मैजिक स्किल पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया।



दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।

दीपिका ने कहा, 'यह पुरस्कार पाकर मैं सचमुच सम्मानित महसूस कर रही हूं। नीदरलैंड जैसे कड़े प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ गोल करना मेरे लिए सचमुच में विशेष पल था और अब यह सम्मान पाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं अपने साथियों, कोचों, परिवार और दोस्तों का शुक्रिया अदा करती हूं जो हर दिन मेरा हौसला बढ़ाते रहते हैं।'

उन्होंने कहा, 'यह पुरस्कार सिर्फ. मेरा नहीं है, यह भारतीय हॉकी का है। आइए हम सब मिलकर आगे बढ़ते रहें।' दीपिका को इस पुरस्कार के लिए स्पेन की पैट्रिशिया अल्वारेज के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किए गए गोल तथा ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के इंग्लैंड के खिलाफ सामूहिक प्रयास से किए गए गोल के साथ नामांकित किया गया था। पुरुष वर्ग में यह पुरस्कार बेल्जियम के विक्टर वेगनेज को मिला जिन्होंने स्पेन के खिलाफ गोल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# 'अनिश्चितता चिंताजनक, भारतीय फुटबॉल दहशत में है', आईएसएल स्थगित किए जाने पर बोले छेत्री



**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान और शीर्ष स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि भारतीय फुटबॉल में अनिश्चितता की मौजूदा स्थिति काफी चिंताजनक है और शीर्ष स्तर के फुटबॉल टूनार्मेंट इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किये जाने से खेल जगत चिंतित, आहत और डरा हुआ है। लीग में बेंगलुरु एफसी की ओर से खेलने वाले छेत्री ने कहा कि उन्हें देश में इस खेल के भविष्य को लेकर आशंकाएं व्यक्त करने वाले फोन कॉल और संदेशों की बाढ़ आ गई है।

इस 40 वर्षीय खिलाड़ी ने एक्स पर लिखा, 'मुझे सबसे पहले यह चिंता हुई कि मेरे पास खेल का जो समय बचा है उसको मैं कैसे बिताऊंगा। लेकिन विभिन्न क्लबों के खिलाड़ियों से बात करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि मेरी समस्या उतनी महत्वपूर्ण नहीं है। भारतीय फुटबॉल की वर्तमान स्थिति बहुत चिंताजनक है। मुझे न केवल मेरे क्लब से, बल्कि अन्य क्लबों से भी खिलाड़ियों, स्टाफ सदस्यों, फिजियो, मालिश करने वालों से ढेर सारे संदेश मिले हैं।'

उन्होंने कहा, 'भारतीय फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र में अभी जो अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है उससे हर कोई चिंतित, आहत और डरा हुआ है।' आईएसएल ने आयोजकों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण 2025-26 के सत्र को स्थगित कर दिया है। लीग सामान्यतः सितम्बर से अप्रैल तक चलती है। इस प्रतियोगिता के आयोजक फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) तथा एआईएफएफ के बीच वर्तमान एमआरए आठ दिसम्बर, 2025 को समाप्त होने वाला है। उस समय तक आईएसएल अपने तीसरे महीने में प्रवेश कर चुका होगा। यह निर्णय उच्चतम न्यायालय द्वारा एआईएफएफ को दिए गए निर्देश के बाद लिया गया है, जिसमें एआईएफएफ से कहा गया था कि वह आईएसएल का संचालन करने वाली सर्वोच्च शासी संस्था के वाणिज्यिक साझेदार एफएसडीएल के साथ एमआरए की नई शर्तों पर तब तक बातचीत न करे, जब तक एआईएफएफ मसौदा संविधान मामले में अंतिम निर्णय नहीं आ जाता। एफएसडीएल एआईएफएफ का वाणिज्यिक साझेदार भी है और उन्होंने 2010 में 15 साल के एमआरए पर हस्ताक्षर किए थे। छेत्री ने कहा कि जब उन्हें पहली बार लीग स्थगित होने की जानकारी मिली तो वह छुट्टियों पर थे। इस स्टार फुटबॉलर ने कहा, 'मैं स्वीकार करता हूं कि इससे मेरे चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मैं छुट्टियों पर था, उतना घूम नहीं पाया जितना मैं चाहता था और उतना पौष्टिक भोजन भी नहीं कर पाया जितना मैं करता हूं। अब मेरे पास पूरी तरह फिट होने के लिए पहले से अधिक समय था।' उन्होंने कहा, 'लेकिन वह पखवाड़ा अब अनिश्चितकाल में बदल गया है और मेरी वह मुस्कान अब गायब हो गई है। मैं जानता हूं कि थिंक टैंक और इस खेल को संचालित करने वाले लोग नए फुटबॉल सत्र को शुरू करने के लिए काम कर रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि जल्द ही कोई ठोस समाधान निकल आएगा।' भारतीय टीम को मजबूती देने के लिए अंतरराष्ट्रीय संन्यास से वापसी करने वाले इस स्टार खिलाड़ी ने इस सबके बावजूद सभी से धैर्य बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा, 'मेरे पास सभी सवालों के जवाब नहीं हो सकते लेकिन भारतीय फुटबॉल से जुड़े सभी लोगों से मेरी अपील है कि वह धैर्य बनाए रखें। हम इस तूफान का मिलकर सामना करेंगे।

# लॉर्ड्स में स्टोक्स को लगातार गेंदबाजी करता देख चिंतित हो गए थे रूट, बोले- वह मेरी कभी नहीं सुनता

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट का कहना है कि भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान जब बेन स्टोक्स लगातार गेंदबाजी कर रहे थे तो इसे देखकर वह चिंतित हो गए थे। रूट ने हालांकि स्वीकार किया कि स्टोक्स का गेंदबाजी करना इंग्लैंड के लिए अच्छी बात है। स्टोक्स ने चोटिल होने के बाद हाल ही में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की है और उनका कार्यभार प्रबंध, विशेषकर गेंदबाजी इंग्लैंड के लिए चिंता का विषय रही है।



### लॉर्ड्स टेस्ट में महत्वपूर्ण रही स्टोक्स की गेंदबाजी

लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान स्टोक्स की गेंदबाजी इंग्लैंड के लिए महत्वपूर्ण रही और उन्होंने पांचवें दिन काफी गेंदबाजी की। तीसरे दिन इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने टिम साउदी के द्वारा स्टोक्स से कहा था कि वह गेंदबाजी कम करें। स्टोक्स ने लॉर्ड्स टेस्ट में 44 ओवर गेंदबाजी की जो सर्वाधिक थी। स्टोक्स ने लॉर्ड्स टेस्ट में पांच विकेट लिए थे और दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था। रूट ने कहा कि जब वह कप्तान थे, तब भी स्टोक्स उनकी नहीं सुनते थे। रूट ने कहा कि स्टोक्स को पता है कि वह क्या कर रहे हैं।

रूट ने कहा, 'वह हमेशा मेरी बात नहीं सुनता। जब मैं कप्तान था तो भी उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी। लेकिन, उसे पता है कि वो क्या कर रहा है और उसकी अपनी शारीरिक स्थिति पर भी अच्छी पकड़ है। यह एक अविश्वसनीय प्रयास था।' रूट ने कहा कि स्टोक्स बस एक ऐसा खिलाड़ी बनने के लिए बेताब हैं जो चीजों को अंजाम दे सके और इस समय वह अपने शरीर पर भरोसा कर रहा है। रूट ने कहा कि यह (स्टोक्स का गेंदबाजी करना) इंग्लैंड के लिए उत्साहजनक संकेत है क्योंकि इससे पता चलता है कि स्टोक्स अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए हैं।

रूट ने कहा, स्टोक्स चीजों को अंजाम देने के लिए बेताब है। ऐसा करने में सक्षम होना अविश्वसनीय प्रयास है। मैं तो बस यही सोच रहा था कि कुछ गंभीर चोटों के बाद वह मैच में नहीं खेल पाएगा, लेकिन अब उसे अपने शरीर पर पूरा भरोसा है। यह हमारे लिए आगे बढ़ने का एक अच्छा संकेत है। मेरा मतलब है, यह वाकई में अच्छा है, क्योंकि वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर वापस आ गया है।

# घरेलू सत्र को देखते हुए जितेश शर्मा ने लिया बड़ा फैसला



**नई दिल्ली।** विदर्भ और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने आगामी घरेलू सत्र को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। जितेश अब विदर्भ के बजाए बड़ौदा के लिए खेलेंगे। 31 वर्षीय जितेश 2024-25 सत्र में रणजी ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं खेले थे। वह विदर्भ के सीमित ओवर टीम का हिस्सा थे जिसकी अगुआई करुण नायर कर रहे थे। बड़ौदा में स्थानांतरण की योजना पिछले कुछ समय से चल रही थी और माना जा रहा है कि बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या के साथ जितेश के करीबी संबंधों ने इस कदम को आसान बनाने में मदद की, जो इस साल की शुरूआत में आरसीबी की पहली आईपीएल खिताब जीत के दौरान उनके साथी थे। विदर्भ से बड़ौदा में आकर जितेश के पास प्रथम श्रेणी क्रिकेट में नियमित रूप से स्थान सुनिश्चित करने का मौका होगा। जितेश ने 2015-16 सत्र से डेब्यू किया था और पिछले 10 सत्र में वह 18 प्रथम श्रेणी मैच खेल सके हैं।

# सिंधू पहले दौर में हारकर बाहर, सात्विक, चिराग और लक्ष्य जापान ओपन के दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही, लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को जापान ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए। पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू को इस सुपर 750 टूनार्मेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई।




सिंधू ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधू जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गईं। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की।

इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों में पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

**पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू को इस सुपर 750 टूनार्मेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।**

इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और 11-2 की बढ़त बना ली और फिर बिना किसी परेशानी के गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिंग ने चुनौती पेश की, लेकिन लक्ष्य ने शुरूआती लय का फायदा उठाते हुए बढ़त बनाए रखी और सीधे गेम में मैच जीत लिया।

# साल का आखिरी ग्रैंडस्लैम 24 अगस्त से, टूनार्मेंट में भाग्य आजमाएंगे 10 पूर्व चैंपियन




**ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट।** गत चैंपियन यानिक सिनर और एरीना सबालेंका उन 10 पूर्व अमेरिकी ओपन विजेताओं में शामिल हैं, जो अगले महीने होने वाले वर्ष के इस अंतिम ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट में अपना भाग्य आजमाएंगे। अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने 24 अगस्त से शुरू होने वाले इस टूनार्मेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रवेश सूची जारी की है जिसमें 18 पूर्व ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में सीधा प्रवेश 14 जुलाई तक की रैंकिंग पर आधारित था। पुरुषों के लिए कटऑफ 101 और महिलाओं के लिए 99 नंबर था। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर ने हाल में विंबलडन फाइनल में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को हराकर अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। दुनिया की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका विंबलडन के सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा से हार गईं, जो सातवें नंबर पर हैं और शीर्ष आठ में शामिल चार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों में से एक हैं। अमेरिका के सर्वाधिक 30 खिलाड़ियों (16 महिला, 14 पुरुष) को सीधे प्रवेश मिला है।

## कांग्रेस ने की गाजियाबाद समेत 13 जिलों में चल रहे संगठन सृजन अभियान की समीक्षा

# भाजपा के शासनकाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है: अविनाश पांडे





**मेरठ, करंट क्राइम।** कांग्रेस के महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने बुधवार को मेरठ में पश्चिम उत्तर प्रदेश के 13 जिलों में चल रहे सृजन संगठन अभियान की समीक्षा की । इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय भी शामिल हुए । बैठक में 13 जिलों के ब्लॉक अध्यक्ष जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रतिनिधि और वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए बाद में प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय महासचिव वी उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने योगी सरकार पर जमकर हमला करते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है पूरे प्रदेश में अपराध चरम पर है प्रदेश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात है। प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर बड़ी-बड़ी बातें की जा रही है लेकिन प्रत्येक जिले में हत्या लूट डकैती और महिला महिलाओं से छेड़खानी की घटनाएं हो रही है । अविनाश पांडे ने संगठन सृजन अभियान के तहत कैंट स्थित एक सभागार में क्षेत्रीय समीक्षा एवं कार्यशाला को संबोधित किया ।

उन्होंने कहा कि अहमदाबाद अधिवेशन में लिए गए फैसले के तहत पूरे देश में कांग्रेस की ओर से संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में भी सभी जिलों में यह अभियान पिछले दो महीने से चल रहा है। विधानसभा चुनाव आते-आते उत्तर प्रदेश में कांग्रेस बूथ और सेक्टर लेवल पर खुद को बहुत मजबूत कर लेगी।

अविनाश पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश संभावनाओं का प्रदेश है। जिस तरह जनता कांग्रेस पर भरोसा जताने लगी है, वह राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत हैं। यहां की राजनीति नई करवट ले रही है। ऐसे में कांग्रेस की जिम्मेदारी बढ़ेगी। पार्टी विपक्ष में रहकर पीड़ित, जरूरतमंद और आमजन की आवाज बनती जा रही है और सरकार से सवाल पूछ रही है।

संगठन अपने आप को इस तरह से तैयार कर रहा है कि वह ना केवल राजनीतिक बल्कि चुनावी चुनौतियों का भी डटकर सामना कर सकेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पंचायत चुनाव अकेले लड़ेगी । हर छोटा कार्यकर्ता पंचायत चुनाव लड़ने का सपना देखता है । पार्टी अपने कार्यकताओं की भावनाओं का पूर्ण सम्मान करती है। इसीलिए इस चुनाव को अकेले लड़ने का ऐलान किया गया है। अविनाश पांडय ने कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए कांग्रेस कसर नहीं छोड़ेगी।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश में जंगलराज कायम हो चुका है। अपराध की बाड़ आ गई है। इससे ज्यादा दुख की बात क्या होगी कि सरकार कंपोजिट विद्यालयों को बंद करके शराब की कंपोजिट दुकान खोलने पर उतर आई है। इस सरकार का क्रूर चेहरा बेनकाब हो चुका है ।

बैठक में 13 जनपदों से आए महानगर अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख के साथ आगामी रणनीति साझा की। इस दौरान प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रदीप नरवाल, पूर्व सांसद मीम अफजल, पूर्व मंत्री दीपक कुमार, बसपा छोड़कर कांग्रेस में आए अमरोहा के पूर्व सांसद दानिश अली के अलावा पूर्व सांसद बुलंदशहर शिवराम वाल्मीकि भी मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े फायरिंग, युवक की जांघ में लगी गोली

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना लोनी क्षेत्र से चौंकाने वाली वारदात सामने आई है। डायल 112 पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति को गोली मार दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। राजेश ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि उसका पारुल पांचाल से पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। जब वह अपनी ड्यूटी पर जा रहा था, तभी पारुल पांचाल ने उस पर अचानक फायर कर दिया। गोली सीधे उसकी जांघ में लगी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए जीटीवी अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार राजेश की हालत अब खतरे से बाहर है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। तहरीर के



आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। अउढ लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि हमले की जांच प्राथमिकता पर की जा रही है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शिक्षा निदेशक के तत्वावधान में हुई 'स्पोर्ट्स फॉर स्कूल' योजना की बैठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजकीय इंटर कॉलेज, मेरठ में मंगलवार को 'स्पोर्ट्स फॉर स्कूल' योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रारंभ की गई 'स्पोर्ट्स फॉर स्कूल' योजना को माध्यमिक, बेसिक और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करना है । बैठक में राजकीय इंटर कॉलेज के संयुक्त शिक्षा निदेशक, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जनपदों के जिला समन्वयकों सहित कई प्रमुख व्यक्तित्व उपस्थित रहे। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह योजना प्रदेश के स्कूली छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसे जल्द से जल्द धरातल पर उतारना चाहिए। इस अवसर पर डीपीएस टेक मैनेजमेंट की ओर से संयुक्त शिक्षा निदेशक को पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने इस सम्मान के लिए सभी आयोजकों का धन्यवाद किया।

बैठक में गोविंद अग्रवाल ने विस्तार से योजना की रूपरेखा और उद्देश्यों को सभी के समक्ष प्रस्तुत किया तथा सहभागियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर गोविंद अग्रवाल, नमिता भल्ला, निकिता कांगड़ा, संदीप तेवतिया, एडवोकेट नेहा सैनी, एडवोकेट कुल प्रकाश शर्मा, गीता भाटी, विजय, राजकुमार, प्रदीप।

# डीसीपी सिटी जोन ने तीन एसीपी के साथ किया मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम का निरीक्षण

## मेरठ रोड पर भी हुआ मार्ग वन-वे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मेरठ रोड पर बनाए गए मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम मेरठ तिराहे का बुधवार को आईपीएस अधिकारी एवं डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा और एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया है। साथ ही एसएचओ नंदग्राम धर्मपाल सिंह इस दौरान मौजूद रहे। डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल ने कंट्रोल रूम में लगी बड़ी स्क्रीन के अंदर चल रहे अलग-अलग कैमरों की फुटेज देखी है। साथ ही कंट्रोल रूम से कनेक्ट किए गए चार्ली सिस्टम की भी जांच की गई।



## कांवड़ ड्यूटी में लापरवाही करने पर होगी कार्रवाई : पुलिस कमिश्नर

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविदर गौड ने सभी डीसीपी, एसीपी और कंट्रोल रूम प्रभारी को निर्देश दिया है कि सावन ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही करने वाले पुलिसकर्मियों पर तत्काल एक्शन लिया जाएगा। साथ ही समय से पहले कोई भी पुलिसकर्मी ड्यूटी नहीं छोड़ेगा। किसी भी आपात स्थिति की सूचना सीधे कंट्रोल रूम और उस जोन के डीसीपी को दी जाएगी। इसके साथ ही कांवड़ मित्र, सिविल डिफेंस और डीवीएफ सहित अन्य विभागों के जो कर्मचारी हैं, उनका भी कांवड़ यात्रा को सफलतापूर्वक करने में सहयोग लिया जा रहा है।

# कांवड़ यात्रा : गाजियाबाद के विद्यालयों में आज से 23 जुलाई तक अवकाश घोषित

## विद्यालयों में बच्चों के आवागमन व सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए लिया फैसला

### गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने दिए आदेश




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रावण मास 11 जुलाई 2025 से प्रारम्भ होने तथा मुख्य जलाभिषेक / शिवरात्रि 23 जुलाई 2025 को होने के कारण गाजियाबाद सीमा से होकर बड़ी संख्या में शिव भक्त हरिद्वार से जल लेकर विभिन्न राज्यों/जनपदों यथा राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली एवं सीमावती जनपदों को जाते हैं।

उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा दिये गये आदेश / निर्देश 15 जुलाई 2025 के अनुपालन में जनपद गाजियाबाद के विद्यालयों में बच्चों, बसों के आवागमन व सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए जनपद गाजियाबाद में बेसिक शिक्षा परिषद व अन्तर्गत संचालित समस्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक शिक्षा के अन्तर्गत समस्त माध्यमिक विद्यालय, सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त शिक्षण संस्थान तथा प्रावधिक शिक्षा से सम्बद्ध समस्त शैक्षणिक संस्थान एवं उच्च शिक्षण संस्थान तथा मदरसा / संस्कृत बोर्ड के अन्तर्गत संचालित विद्यालय 17 से 23 जुलाई 2025 तक पूर्णतया बन्द रहेंगे।

समस्त प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सीबीएसई/ आईसीएसई, प्राविधिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त समस्त शिक्षण संस्थाओं एवं मदरसा / संस्कृत बोर्ड के प्राचार्यों / प्रधानाचार्यों / प्रधानाध्यापकों को आदेशित किया जाता है कि उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

# सपा सांसद के बयान पर भड़के विधायक नन्दकिशोर गुर्जर

## कहा: सनातन विरोधी है सपा



**लोनी (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद राजीव राय द्वारा कांवड़ियों को लेकर दिए गए बयान पर अब सियासत गरमा गई है। गाजियाबाद के लोनी विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने राजीव राय को आड़े हाथों लेते हुए उन्हें सनातन विरोधी बताया है गुर्जर ने कहा, समाजवादी पार्टी को हज, तबलीगी जमात और जुलूसों से कोई समस्या नहीं है, लेकिन जैसे ही सनातन परंपरा की बात आती है, ये लोग आपत्तिजनक बयानबाजी करने लगते हैं। यह मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति है जो अब जनता समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता बार-बार हिंदू भावनाओं को आहत करने वाले बयान देकर सनातन पर सीधा प्रहार कर रहे हैं। जनता अब उन्हें बयान देने लायक भी नहीं छोड़ेगी। गुर्जर ने मांग की कि राजीव राय अपने बयान पर माफी मांगे, वरना सनातन समाज उन्हें माफ नहीं करेगा। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय ने कांवड़ यात्रा पर जा रहे युवाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि बेरोजगारी के कारण बड़ी संख्या में युवा इस धार्मिक यात्रा में हिस्सा ले रहे हैं. उन्होंने कहा कि कांवड़ियों के पास काम नहीं है इसलिए इनके पास बहुत समय है. राजीव राय ने इस मुद्दे को राज्य सरकार की नाकामी से जोड़ा और मांग की कि सरकार बेरोजगारों का रजिस्ट्रेशन करवाए।

## पौधरोपण



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विशाल आवास सोसाइटी सिद्धार्थ विहार के पार्क में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण के अंतर्गत 25 पौध जामुन, अमरूद, अर्जुन, बालम, खीरा आदि के लगाए गए । इस अवसर पर रंजीत सिंह, मुकेश कुमार, दयानंद शर्मा, दिनेश्वर, राकेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, आशुतोष तिवारी, राजा सिंह, विकास गुप्ता, रवींद्र फौजी, राजू, राज कुमार शर्मा, विजय गौतम आदि सभी ने सहयोग किया।




## मोबाइल व एयरफोन का जमकर हो रहा है इस्तेमाल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ यात्रा को लेकर लगातार तैयारियों और निरीक्षण का दौर चल रहा है। तो इसी के साथ लागतार पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम के साहब लोग सड़कों से लेकर जूम वाली मीटिंग के जरिये पूरा मैनेजमेंट सेट करने में लगे हुए हैं। कांवड़ यात्रा को सफलता के साथ पूरा करवाने के लिए बड़े साहब से लेकर अलग–अलग जिम्मेदारी संभालने वाले जिम्मेदार अपने स्तर सै दौरे कर रहे हैं। तो वहीं अब सड़कों पर पुलिस की मुस्तेदी और कांवड़ ड्यूटी भी लगना शुरू हो गई हैं। अभी कांवड़ यात्रा में उतना क्राउड नहीं आ रहा है, पर अभी से मामला फसना शुरू हो गया है। जहां देहात और सिटी के एक थानाक्षेत्र में जिस तरीके से एक के बाद एक मामले हो रहे हैं, उसे पुलिस के अधिकारी अलर्ट वाले मोड पर हैं। रोजाना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी निरीक्षण कर रहे हैं लेकिन ड्यूटी के दौरान फोन पर व्यस्त और ईयर फोन लगाने वाले पुलिसकर्मियों को लेकर कोई दिशा निर्देश या कार्रवाई वाला एक्शन नहीं लिया जा रहा है।




बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आने के बाद साहब द्वारा आदेश दिया गया था कि थाने पर पहरा ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मी ना तो फोन का इस्तेमाल करेंगे और न ही ड्यूटी पर वो ईयर फोन लगाएंगे। उधर देखने में आया गया है कि कांवड़ ड्यूटी के दौरान लगे अधिकांश महिला और पुरुष पुलिसकर्मी इन दिनों आरआरटीएस रेलवे लाइन के नीचे छांव में ड्यूटी दे रहे हैं और उनका ध्यान मोबाइल की स्क्रीन पर होता है। कोई रील देख रहा है तो कोई रील बना रहा है। वही अभी कांवड़ यात्रा में जैसे–जैसे भीड़ बढ़ेगी तो पुलिस के अधिकारियों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिलेगा। वैसे सिटी वाले साहब बीते कई दिनों से लगातार मुख्य कांवड़ कंट्रोल रूम सिटी वाले जोन का निरीक्षण कर रहे हैं। उनके साथ बुधवार को तीनों सर्किल के एसीपी भी नजर आए। कुल मिलाकर देखना यह होगा कि पुलिसकर्मियों को लेकर अधिकारियों का सख्त रवैया कब होता है। उधर जितना पुलिस के अधिकारी यात्रा को लेकर पसीना बहा रहे हैं, उतना ही बड़े साहब भी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने जितना मूवमेंट किया है शायद ही उनके किसी अधिकारी ने अब तक किया होगा। इसके साथ ही वह प्रतिदिन जनसुनवाई को भी बेहतर ढंग से सुनने का काम कर रहे हैं। तो लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की कानून व्यवस्था और वर्किंग स्टाइल सुधारने के निर्देश दे रहे हैं।

# पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़, भागने पर पैर में लगी गोली



**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना ईकोटेक तृतीय क्षेत्र में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। चौगानपुर गोलचक्कर पर रात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। संदिग्ध ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की।

पुलिस ने जब उसका पीछा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान मोहित उर्फ लगड़ा के रूप में हुई। वह बुलंदशहर के जहांगीराबाद का रहने वाला है और फिलहाल ग्रेटर नोएडा के कुलेसरा में रह रहा था। बदमाश से एक मोबाइल फोन, 315 बोर का अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है।

# लीलावती पब्लिक स्कूल की संस्थापिका की 52वीं पुण्यतिथि मनाई गई







**गाजियाबाद।** भूड़ भारत नगर स्थित लीलावती पब्लिक स्कूल की संस्थापिका स्वर्गीय लीलावती बग्गा की बुधवार को 52वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्वर्गीय लीलावती की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ा कर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापक अध्यापिकायों के साथ-साथ लीलावती फाउंडेशन सोसाइटी की कोर सदस्य एवं सचिव इंदुबाला बग्गा, प्रबंध निदेशक संजय बग्गा, प्रधानाचार्य नीरू बग्गा, राजीव बग्गा एडवोकेट, अमित बग्गा, प्राची बग्गा, सिद्धार्थ बग्गा, प्राची सिंह बग्गा, बेबी प्रिशा एवं मास्टर वायु बग्गा तथा वाइस प्रिंसिपल नीतिका गौड़ कावेरी चक्रवर्ती, शकुन मलिक रीना रानी आदि द्वारा लीलावती को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। लीलावती पब्लिक स्कूल भूड़ भारत नगर की नीव स्वर्गीय सेवाराम बग्गा एवं लीलावती के द्वारा वर्ष 1969 में रखी गई थी। श्रद्धांजलि सभा में आए सभी अभिभावकों छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओ का प्रबंध निदेशक श्री संजय बग्गा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं आदि को भोजन प्रसाद भी वितरित किया गया।






Atul Tyagi is with Sanjeev Tyagi.
Jul 16, 2018

सोसाइटी में त्यागी ब्राहम्ण समाज के एक निवासी के बेटे ने ca पास किया था व एक नेवी में लेफ्टिनेंट बने हैं उन दोनों परिवार को बधाई व शुभकामनाये देते आदरणीय श्री बाबा विद्यानन्द त्यागी जी समाज के संगरक्षक, जिला अध्यक्ष सुरेश त्यागी जी, महानगर अध्यक्ष राजकुमार त्यागी जी bjp नेता व पार्षद संजीव त्यागी जी ,अश्वनी त्यागी जी महामंत्री त्यागी सभा ,rwa अध्यक्ष मुकेश त्यागी जी

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गौर होम्स समिति के पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अतुल त्यागी ने सोसाइटी में रहने वाले त्यागी ब्राह्मण समाज के दो युवकों को सफलता प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दीं। अतुल त्यागी ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# अमेरिका में गिरफ्तार हुआ भारतीय कनाडाई गैंगस्टर ओपिंदर सिंह

## अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट से जुड़े थे तार



**वॉशिंगटन ।** अंतरराष्ट्रीय अपराध से जुड़े एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। एक भारतीय-कनाडाई गैंगस्टर को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि उसने एक कुख्यात आयरिश गिरोह के साथ मिलकर ड्रग्स की वैश्विक तस्करी का नेटवर्क चलाया। यह गिरफ्तारी न केवल कनाडा बल्कि अमेरिका, चीन, तुर्की और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों के गहरे संबंध को उजागर करती है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान ओपिंदर सिंह सियान के रूप में हुई है। अमेरिकी ड्रग एनफोर्समेंट एजेंसी ने जून 2025 में उसे नेवाडा राज्य से गिरफ्तार किया था। अब उसे कैलिफोर्निया ले जाया जा रहा है, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कोर्ट दस्तावेजों के अनुसार, सियान अमेरिका, तुर्की और आयरलैंड के अपराधियों के साथ मिलकर चीन से नशीले पदार्थों के केमिकल मंगवाता था और फिर उसे ऑस्ट्रेलिया भेजता था।

# इस्राइली हमलों में 41 फलस्तीनियों की मौत

## राहत वितरण केंद्र के पास भगदड़ में 20 अन्य की भी गई जान



**गाजा पट्टी में राहत कार्यक्रम चलाने वाले एक इस्राइल समर्थित अमेरिकी संगठन ने बुधवार को जानकारी दी कि एक वितरण स्थल के पास 20 फलस्तीनियों की मौत हो गई। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक, इसी दौरान इस्राइल हमलों में 41 अन्य लोगों की जान चली गई, जिनमें 11 बच्चे भी शामिल हैं**

**तेल अवीव ।** हमास के कारण भड़की हिंसाः जीएचएफ गाजा ह्यूमैनिटेरियन फंड (जीएचएफ) ने बताया कि दक्षिण गाजा के खान यूनिस में एक वितरण केंद्र के पास 19 लोगों की मौत भगदड़ में कुचले जाने से हुई, जबकि एक व्यक्ति की मौत चाकू से हमला होने के कारण हुई। संगठन ने आरोप लगाया कि हमास द्वारा डर और भ्रम फैलाने के कारण हिंसा भड़की। हालांकि, उसने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। यह संगठन आमतौर पर अपने वितरण केंद्रो के पास हुई गड़बड़ी को नहीं मानता।

मदद पाने की कोशिश में 850 लोगों की गई जान संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय और गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि मई से अब तक करीब 850 फलस्तीनियों की मौत सहायता पाने की कोशिश करते हुए हो चुकी है। इसमें जीएफएच के वितरण स्थलों सहित अन्य केंद्र भी शामिल हैं।

### उत्तरी गाजा और खान यूनुस में 41 की मौत

वहीं, इस्राइली हमलों में उत्तरी गाजा में 22 लोगों की मौत हुई, जिनमें 11 बच्चे शामिल हैं। खान यूनुस शहर में 19 अन्य की जान गई। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने बीते चौबीस घंटों में गाजा पट्टी में (हमास के) 120 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है, जिसमें उसकी सुरंगें और हथियार भंडारण केंद्र शामिल हैं। इस्राइल का आरोप लगाता है कि हमास नागरिक इलाकों के बीच में अपने सैन्य ढांचे को छिपाता है।

गुरुवार को इस्राइली सेना ने एक चौथा गलियारा खोलने की घोषणा की, जो खान यूनुस के बीच से होकर जाता है। यहां इस्राइली सैनिकों ने जमीन पर कब्जा किया है। सेना का कहना है कि यह हमास पर दबाव बनाने की रणनीति है। पहले भी ऐसे संकरे जमीनी गलियारे संघर्षविराम वाताओं में बड़ी रुकावट बन चुके हैं, क्योंकि इस्राइल इन गलियारों पर अपनी सैन्य मौजूदगी बनाए रखना चाहता है।

खौफनाक मानवीय संकट का सामना कर रहे फलस्तीनी खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि गाजा के 20 लाख से अधिक फलस्तीनी एक खौफनाक मानवीय संकट का सामना कर रहे हैं।

# अपाकिस्तान के पंजाब में मूसलाधार बारिश का कहर पिछले 24 घंटे में नौ की मौत



## 90 से ज्यादा घायल

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में तेज बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। बात अगर पिछले 24 घंटे की करें तो भारी बारिश के कारण कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई। वहीं 90 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट की माने तो पंजाब ं के बहावलनगर में तीन बच्चों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हुए। ओकारा में दो किशोर, जिनमें एक लड़की भी शामिल है, की मौत हुई और 12 लोग घायल हुए। लाहौर में भी बारिश के कारण तीन मौतें हुईं और आठ लोग घायल हुए।

भारी बारिश के चलते प्रांत में तबाही भक्कर जिले में एक व्यक्ति की मौत और तीन लोग घायल हुए। इसके अलावा, कई अन्य जिलों में भी बारिश के चलते जबरदस्त तबाही मची है। इनमें पाकपटन में तीन, सहिवाल में चार, फैसलाबाद और मुजफ्फरगढ़ में दो-दो, टोबा टेक सिंह में चार, कसूर में तीन, डेरा गाजी खान में दो, राजनपुर, सियालकोट और मियांवाली में एक-एक घायल होने की खबर है। हालांकि बारिश के कारण लाहौर में तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहाना हो गया। बारिश का रिकॉर्ड भी मिला है, जिसमें लक्ष्मी चौक पर 31 मिमी, करतबा चौक पर 19 मिमी, और समनाबाद, फरुर्खाबाद, इकबाल टाउन जैसे इलाकों में 10 से 18.5 मिमी तक बारिश हुई ।पानी निकासी के काम में जुटे कर्मीमीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि लगातार हो रही बारिश के चलते कई जगहों पर पानी भर गया है। इसके बाद पानी निकासी के लिए जल और स्वच्छता प्राधिकरण की टीमों ने पूरे दिन सड़कों और अंडरपास से पानी निकालने का काम किया।

# भिखारियों के विवाद में क्यूबा की मंत्री की छिन गई कुर्सी, भारी विरोध के बाद देना पड़ा इस्तीफा



**हवाना ।** क्यूबा में श्रम मंत्री ने भिखारियों को लेकर ऐसा बयान दे दिया कि पूरे देश में इसे लेकर हंगामा हो गया और आखिरकार मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। क्यूबा के राष्ट्रपति ने भी बयान की आलोचना की। विरोध इतना ज्यादा था कि राष्ट्रपति को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर श्रम मंत्री के इस्तीफे की जानकारी देनी पड़ी। दरअसल श्रम मंत्री मार्ता एलेना फीतो केबरेरा ने अपने बयान में कहा कि देश में कोई भिखारी नहीं है और लोग सिर्फ भिखारी होने का दिखावा करते हैं।

मार्ता एलेना फीतो केबरेरा ने सोमवार को नेशनल असेंबली समिति के सामने कहा कि 'हमने लोगों को देखा है, जो भिखारी होते हैं, लेकिन अगर आप उनके हाथ या उनके कपड़े देखें तो ऐसा लगता है कि वे भिखारी होने का दिखावा कर रहे हैं। वे असल में भिखारी नहीं हैं। क्यूबा में कोई भी भिखारी नहीं है।' उन्होंने ये भी दावा किया कि लोग भीख मांगकर शराब पीते हैं। फीतो का यह बयान वायरल हो गया और इसके खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। विरोध प्रदर्शनों में लोगों ने फीतो के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई करने की मांग की गई। भारी विरोध और दबाव के बीच फीतो ने श्रम मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कैनाल ने फीतो के बयान को असंवेदनशील करार दिया।

दरअसल क्यूबा में आर्थिक हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। कुछ साल पहले तक क्यूबा में भिखारी दिखाई नहीं देते थे और लोग बेघर भी नहीं होते थे, लेकिन अब हालात ये हो गए हैं कि कई लोग, खासकर बुजुर्ग कूड़ा बीनते या फिर कांच साफ करते दिखाई देते हैं। सामाजिक सुरक्षा बेहद कम हो गई है और रिटायर होने के बाद लोगों को 2000 क्यूबा पेसो प्रति माह की पेंशन मिल पा रही है, जो अमेरिकी डॉलर के मुकाबले करीब 5 डॉलर ही होते हैं। इन पैसों से अंडे की एक कार्टन खरीदना भी मुश्किल है। जिन लोगों को परिजन विदेश में काम नहीं करते उनके लिए दो वक्त का खाना जुटाना भी मुश्किल हो गया है। यही वजह है कि श्रम मंत्री के बयान पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

# सीरियाः स्वैदा में हिंसक झड़पें, सेना और ड्रुज गुटों के बीच संघर्ष विराम टूटा



**सीरिया के दक्षिणी स्वैदा प्रांत में एक बार फिर हिंसक झड़पें हुईं। इसके बाद सुरक्षा बलों और ड्रूज धार्मिक अल्पसंख्यक के मिलिशिया समूह के बीच हुआ संघर्ष विराम टूट गया। वहीं ड्रुजों पर हुए हमलों को लेकर इस्राइल ने कड़ी चेतावनी दी है। सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने मिलिशिया पर युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया**

**दमिश्क ।** उन्होंने कहा कि सैन्य बल स्वैदा शहर के अंदर आग के स्रोत पर कार्रवाई जारी रखे हुए हैं। जबकि निवासियों की सुरक्षा, नुकसान को रोकने और शहर छोड़कर चले गए लोगों की सुरक्षित घर वापसी कराई जा रही है।

यूके स्थित वॉर मॉनिटर 'सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' के मुताबिक, झड़पों की शुरूआत तब हुई जब एक ड्रूज सब्जी विक्रेता को एक बेदुइन कबीले ने अपहरण कर लूट लिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच एक के बाद एक अपहरण और जवाबी हमले शुरू हो गए। यही हिंसा बड़े संघर्ष में बदल गई।

बुधवार को सरकारी बलों की भी ड्रूज सदस्यों के साथ झड़प हुई। जबकि सुरक्षा बलों के सदस्यों के गैर-न्यायिक हत्याएं करने, लूटपाट करने और नागरिक घरों को जलाने की खबरें सामने आई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन झड़पों में कम से कम 30 लोगों की मौत हो चुकी है जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। वहीं ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने बताया कि बुधवार सुबह तक 250 से ज्यादा लोग मारे जा चुके थे, जिनमें चार बच्चे, पांच महिलाएं और 138 सैनिक और सुरक्षा बल शामिल थे।

इस्राइल ने दी धमकी संघर्ष शुरू होने के बाद से इस्राइल ने सीरिया की सेना के काफिलों पर हवाई हमले किए। इस्राइल ने कहा कि वह ड्रूज की रक्षा के लिए ऐसा कर रहा है। इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि इस्राइली सेना शासन बलों पर तब तक हमला करती रहेगी जब तक वे क्षेत्र से वापस नहीं चले जाते और यदि संदेश नहीं समझा गया तो जल्द ही शासन के खिलाफ प्रतिक्रिया का स्तर भी बढ़ा दिया जाएगा।

**ड्रूज समुदाय को वफादार मानता है इस्राइलः** इस्राइल में ड्रूज समुदाय को आमतौर पर एक वफादार अल्पसंख्यक माना जाता है, और वे इस्राइली सेना में भी सेवा करते हैं। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने सभी देशों से अपील की है कि वे सीरिया की संप्रभुता का सम्मान करें और किसी भी विद्रोही या अलगाववादी गतिविधियों का समर्थन न करें। साथ ही, सीरियाई लोगों से कहा गया है कि वे हिंसा बंद करें, हथियार डालें और देश में फूट डालने वालों को नाकाम करें। असद के पतन के बाद से इस्राइल ने सीरिया के नए नेताओं के प्रति आक्रामक रुख अपनाया है। इस्राइल ने कहा है कि वह इस्लामी आतंकवादियों को अपनी सीमाओं के पास नहीं चाहता। इस्राइली सेना ने गोलान हाइट्स की सीमा पर सीरियाई क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र द्वारा गश्त किए गए बफर जोन पर कब्जा कर लिया है और सीरिया में सैन्य ठिकानों पर सैकड़ों हवाई हमले किए हैं।

# गाजा में बढ़ रहा कुपोषण, संयुक्त राष्ट्र की दूत ने नरसंहार रोकने के लिए किया वैश्विक कार्रवाई का आह्वान



**बोगोटा ।** गाजा में इस्राइल के हमलों और खाद्य आपूर्ति पर लगाए प्रतिबंधों ने हालात बिगाड़ दिए हैं। खाद्य आपूर्ति बंद होने से गाजा पट्टी में बच्चों में कुपोषण की दर दोगुनी हो गई है। वहीं गाजा में संयुक्त राष्ट्र की दूत ने दुनियाभर के देशों से नरसंहार को रोकने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है। उधर, गाजा में हुए नए इस्राइली हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत 90 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। 20 लाख से ज्यादा फलस्तीनी भुखमरी से जूझ रहे मार्च में इस्राइल के हमले फिर से शुरू होने और गाजा में सभी खाद्य और अन्य आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाने के बाद से 20 लाख से ज्यादा फलस्तीनी भुखमरी से जूझ रहे हैं। यूएनआरडब्ल्यूए ने कहा कि उसने जून में अपने क्लीनिकों में पांच साल से कम उम्र के लगभग 16,000 बच्चों की जांच की। इसमें पाया कि उनमें से 10.2 प्रतिशत गंभीर रूप से कुपोषित थे। जबकि मार्च में 15,000 बच्चों में से 5.5 प्रतिशत कुपोषित मिले। यूनिसेफ ने भी कहा कि कुपोषण के मामलों में काफी बढ़ोतरी हुई है। इस सप्ताह उसके क्लीनिकों ने जून में बच्चों में कुपोषण के 5,870 मामले दर्ज किए, जो लगातार चौथे महीने की वृद्धि है और फरवरी में दर्ज लगभग 2,000 मामलों से दोगुने से भी ज्यादा है। गाजा में शरणार्थी शिविर पर हुए एक हमले में फलस्तीनी विधायिका के 68 वर्षीय हमास सदस्य मोहम्मद फराज अल-घोल की मौत हो गई।

जबकि एक पुरुष, एक महिला और उनके छह बच्चे भी मारे गए। शिफा अस्पताल के अधिकारियों ने कहा कि सोमवार शाम गाजा शहर के तेल अल-हवा जिले में एक घर पर हुए सबसे घातक हमलों में एक परिवार के 19 सदस्यों की मौत हो गई।

# व्हाइट हाउस की सुरक्षा में सेंध लगाया गया लॉकडाउन

## खामेनेई ने हाल ही में दी थी मार डालने की धमकी



**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास और अमेरिका की सबसे सुरक्षित बिल्डिंग व्हाइट हाउस की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। यहां मंगलवार को नॉर्थ लॉन में सेफ्टी फेंस के ऊपर से किसी ने अपना मोबाइल फोन फेंक दिया। जैसे ही सुरक्षाकर्मियों को इसकी जानकारी हुई वहां खलबली मच गई। आनन-फानन में सीक्रेट सर्विस ने व्हाइट हाउस परिसर को पूरी तरह से बंद कर दिया और पेन्सिल्वेनिया एवेन्यू में अस्थायी रूप से लॉकडाउन लगा दिया गया। इस दौरान करीब एक घंटे तक हड़बड़ी मची रही। ये घटना सुबह करीब 11 बजे के आस-पास हुई।

मंगलवार दोपहर जब ये वाकया हुआ उस वक्त कई पत्रकार एजुकेशन सेक्रेटरी लिंडा मैकमोहन के साथ बातचीत करने के लिए इंतजार कर रहे थे। जिसके बाद सबको तुरंत जेम्स एस. ब्रैडी ब्रीफिंग रूम में ले जाया गया। वहां उन्हें करीब एक घंटे तक बंद रखा गया। इसके बाद जब फोन की जांच कर ली गई और उसमें कुछ भी नहीं मिला तो करीब 11:56 बजे सुरक्षा उपाय हटा लिए गए। व्हाइट हाउस ने अभी तक सुरक्षा उल्लंघन के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### पहले भी सुरक्षा में लग चुकी है सेंध

गौरतलब है कि ये कोई पहली बार नहीं है जब व्हाइट हाउस की सुरक्षा में सेंध का मामला सामने आया हो। इससे पहले, मार्च में, एक बच्चा व्हाइट हाउस में घुस गया था, बाद में जिसे सीक्रेट सर्विस के एजेंट्स ने उसके परिजनों को सौंप दिया था। उससे पहले, आठ जनवरी को व्हाइट हाउस के एक गेट से एक वाहन टकरा गया था। हालांकि, हादसे में कोई नुकसान नहीं हुआ था। बाद में चालक को हिरासत में लिया गया था।

वहीं, उससे पहले 17 दिसंबर को, सुरक्षा कारणों से सड़क को रोकने वाली एक आधिकारिक एसयूवी में 46 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी बेज फोर्ड सेडान से टक्कर मार दी थी। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

# भारत और अमेरिका के बीच जल्द हो सकता है व्यापार समझौता, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फिर दिए संकेत



**जल्द ही पूरा हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि इस प्रस्तावित समझौते के तहत अमेरिकी कंपनियों को भारतीय बाजार में अधिक पहुंच मिलेगी, जो अमेरिका और इंडोनेशिया के बीच हुए व्यापार समझौते के समान होगी**

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित अंतरिम व्यापार समझौता भारत और अमेरिका इस व्यापार समझौते के लिए वार्ता कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के बीच टैरिफ 20 फीसदी से कम रखा जा सके। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, हमने इंडोनेशिया के साथ एक समझौता किया है... हमें इंडोनेशिया (के बाजार) में पूरी पहुंच मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि उनका प्रशासन कुछ अन्य व्यापार समझौतों की घोषणा करने वाला है और इस संदर्भ में भारत का भी जिक्र किया।

इस समझौते के तहत अमेरिका को इंडोनेशिया के बाजार में पूरी पहुंच मिलेगी, जबकि इंडोनेशिया से आने वाले उत्पादों पर अमेरिका में 19 फीसदी टैरिफ लगेगा। इसके अलावा, इंडोनेशिया ने अमेरिका से 15 अरब डॉलर की ऊर्जा, 4.5 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद और 50 बोइंग विमान खरीदने का वादा किया है।

ट्रंप ने कहा कि इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिका को ऐसी पहुंच दे रहा है, जो पहले कभी नहीं थी। उन्होंने कहा, शायद यह समझौते का सबसे बड़ा हिस्सा है... भारत भी उसी दिशा में काम कर रहा है। हमें भारत (बाजार) तक पहुंच मिलेगी।

समयसीमा के आधार पर कोई समझौता नहीं करेगा भारतः पीयूष गोयल अमेरिका ने पहले ही कई देशों को एक अगस्त से लागू होने वाले पारस्परिक टैरिफ दर के विवरण वाले पत्र भेजे हैं। भारत को उम्मीद है कि वह अमेरिका के साथ ऐसा समझौता कर पाएगा, जिससे जवाबी टैरिफ से बचा जा सके। साथ ही, भारत ने संकेत दिया है कि वह जल्दबाजी में यह व्यापार समझौता नहीं करेगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने इसी महीने कहा था कि भारत समयसीमा के आधार पर कोई भी समझौता नहीं करता है। उन्होंने कहा था कि भारत, अमेरिकी साथ प्रस्तावित समझौता तभी स्वीकार करेगा, जब वह पूरी तरह से देश हित में होगा। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए इस समय वॉशिंगटन में है। भारत ने कृषि और डेयरी उत्पादों पर छूट को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। अभी तक भारत ने किसी भी देश के लिए अपना डेयरी क्षेत्र नहीं खोला है। इसके अलावा, भारत अतिरिक्त टैरिफ (26 फीसदी) को हटाने की मांग कर रहा है। इसके अलावा, वह इस्पात और एल्यूमीनियम (50 फीसदी) और ऑटो (25 फीसदी) क्षेत्रों पर लगने वाले टैरिफ में भी छूट चाहता है।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

## समाधान हेतु आवश्यक कार्रवाई करें संबंधित अधिकारी : दीपक मीणा







### जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्रवाई के दिए निर्देश

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाले एनएचएआई कट के विषय में संबंधित औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधि हरिओम चौहान एवं भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ कट का भौतिक निरीक्षण किया गया तथा औद्योगिक क्षेत्र में जा रहे नालों का भौतिक निरीक्षण कर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों से उक्त कट को आवश्यकतानुसार व्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के उपरांत जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों ट्रैकों एवं अवैध अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम की समस्या के दृष्टिगत रोड का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में 14 जुलाई 2025 को जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक आयोजित हुई, जिसमें लिए गए निर्णय के क्रम में कार्बन कॉन्टिनेंटल फैक्ट्री के पास स्थित पार्क में एसिटिक पानी जाने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक मीणा द्वारा साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में स्थित संदर्भित स्थल का स्वयं भौतिक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद अभिनव गोपाल, उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान, उप महाप्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण निर्माण खंड प्रथम गाजियाबाद रघुनंदन सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण गाजियाबाद प्रदीप सत्यार्थी, अधीक्षण अभियंता, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, औद्योगिक इकाई कार्बन कॉन्टिनेंटल एवं औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों के साथ वस्तुस्थिति की जानकारी ली गई।

# विधायक संजीव शर्मा ने जिला चिकित्सालय में सीसी रोड के निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

## शहरवासियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का अभियान जारी रहेगा : संजीव शर्मा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा का शहर का विकास कर उसे आदर्श शहर बनाने का अभियान जारी है। इसी कड़ी में उन्होंने जिला चिकित्सालय, एमएमजी अस्पताल में टीबी विभाग से शवदाह गृह तक सीसी रोड का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस सीसी रोड के बन जाने से जिला चिकित्सालय, एमएमजी अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को फायदा होगा। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऐसी चिकित्सा सुविधाएं जो सिर्फ प्राइवेट अस्पतालों में ही होती थीं। आज प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में भी उपलब्ध कराई जा रही है। जिला चिकित्सालय, एमएमजी अस्पताल में भी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का अभियान चल रहा है।

उनका यही प्रयास है कि जनता ने जिस विश्वास व भरोसे से उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना, उस पर खरा उतरते हुए वे जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराएं और इसके लिए वे पूरी तरह से प्रयासरत हैं। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि इस रोड का निर्माण जल्द पूरा कराया जाएगा।

# महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया चौधरी अतर सिंह एवं सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में कांवड़ शिविर का उद्घाटन





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया। कांवड़ सेवा कैंप जिसमें भक्तों के लिए निःशुल्क भोजन, रहने एवं चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होगी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालु कांवड़ियों की सेवा हेतु कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन डाबर चौक कौशांबी पर किया गया। यह शिविर न केवल धार्मिक श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल का कार्य करेगा, बल्कि उन्हें सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से भी लाभान्वित करेगा।



### सेवा ही संगठन का मूल मंत्र : मयंक गोयल

**करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि, सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है। जनसेवा की भावना को सजीव करता है। इस मौके पर चौधरी जयचंद, संजीव झा, पुष्पेंद्र गुप्ता, सुधीर त्यागी, पंकज लड्डू वाल्मीकि, अनुज कसाना, सतीश बंसल, कामिनी भदौरिया, बिन्नू राम, रोहित चौधरी, विहान मावी, सोनू चौधरी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ. अतुल जैन ने भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल की पूज्य माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष और टेक्निकल इंस्टीट्यूशंस फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव डॉक्टर अतुल कुमार जैन ने जिला बिजनौर भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री धर्मपाल के आवास पर जाकर उनकी पूज्य माताजी के निधन के उपरांत माताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को इस घोर दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## कांवड़ यात्रा से होती है आत्म शुद्धि और मिलता है मनोवांछित फल : ओम दत्त कौशिक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व राजनगर मंडल अध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद ओम दत्त कौशिक ने कहा, श्रद्धा और प्रेम से गंगाजल लाकर शिव को अर्पित करते हैं तो उन भक्तों की आत्म शुद्धि हो जाती है। कांवड़ यात्रा का इतिहास समुद्र तट से आया है, जहां भगवान शिव ने विश्व की रक्षा के लिए घातक हलाहल विष पिया था। शिवजी की पीड़ा को कम करने के लिए, भक्तों ने शिव मंदिर में गंगा जल चढ़ाना शुरू कर दिया। इस जल को बांस के मंडप (कांवड़) से तीर्थयात्रियों वितरण किया। ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव ने समुद्र मंथन के दौरान विष पान किया था। विष के प्रभाव से मुक्ति पाने के लिए भक्तों ने गंगाजल चढ़ाना शुरू कर दिया। इसी अनुष्ठान को आज हम अनुष्ठान यात्रा कहते हैं। एक अन्य कथा के अनुसार, भगवान परशुराम ने सबसे पहले भगवान शिव को गंगाजल से नहलाया था। तब से, शिव मंदिर में गंगाजल ले जाना एक परंपरा बन गई है। शिव भक्त प्रेम पूर्वक व श्रद्धा से गंगाजल लाकर शिवजी को अर्पित कर शिवजी को प्रसन्न करते हैं और उनसे मनोवांछित फल की प्राप्ति करते हैं।

# विधायक संजीव शर्मा ने ऐतिहासिक पुरा महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

## मंदिर के मुख्य पुजारी ने पूजा-अर्चना कराई और विधायक संजीव शर्मा को सम्मानित किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा बुधवार को ऐतिहासिक परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर बागपत पहुंचे। मंदिर में उन्होंने सभी साथियों के साथ पूजा-अर्चना की। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अभिषेक भारद्वाज ने पूजा अर्चना कराई और विधायक संजीव शर्मा को सम्मानित किया। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि विधायक संजीव शर्मा का पूर्व ग्राम प्रधान रामवीर मलिक, धर्मवीर मलिक, वर्तमान ग्राम प्रधान ब्रह्मपाल मलिक, समिति के पूर्व अध्यक्ष अरुण शर्मा, सचिव संजीव शर्मा आदि ने स्वागत किया।



### परशुरामेश्वर महादेव मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र : संजीव शर्मा



**करंट क्राइम।** विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि बागपत के पुरामहादेव गांव स्थित परशुरामेश्वर महादेव मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। महादेव का यह प्राचीन मंदिर है। श्रावण और फाल्गुन मास में गंगा के पवित्र जल से भगवान आशुतोष का श्रद्धालु अभिषेक करते हैं। भक्तों की यहां सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। सामान्य दिनों में भी यहां पर भक्तों का तांता लगा रहता है। भगवान परशुराम ने शिवलिंग स्थापित कर महादेव की पूजा की। भगवान शिव ने प्रत्यक्ष दर्शन दिए और एक परशु, फरसा देकर युद्ध में विजय का आशीर्वाद दिया। भगवान परशुराम वहीं पास के वन में एक कुटिया बनाकर रहने लगे थे। थोड़े दिन बाद ही परशुराम ने अपने फरसे से संपूर्ण सेना सहित राजा सहस्त्रबाहु को मार दिया। जिस स्थान पर उन्होंने शिवलिंग की स्थापना की थी वहां एक मंदिर भी बनवाया था, जो आज परशुरामेश्वर महादेव मंदिर यानि पुरा महादेव मंदिर के नाम से पूरे विश्व में विख्यात है। मंदिर के महत्व को देखते हुए ही सरकार ने पुरा महादेव गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया है। विधायक संजीव शर्मा ने मंदिर में कॉरिडोर बनाए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।



### भाजपा में महंगाई चरम पर : कुणाल त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** युवा कांग्रेस नेता कुणाल त्यागी ने कहा कि भाजपा ने 11 सालों में देश में सिर्फ लूट की है। भाजपा विकास के नाम पर बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन जमीनी स्तर पर उनमें कुछ भी सच्चाई नहीं होती। भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। आज भाजपा की सत्ता में घरेलू उपयोग की वस्तुओं से लेकर सोने- चांदी और पेट्रोल-डीजल की कीमत लगातार बढ़ती जा रही हैं। आम नागरिक के लिए आज अपनी रोजी-रोटी चलाना बहुत ही संघर्षमय हो गया है। भाजपा सरकार देश के युवाओं को ना तो अच्छी शिक्षा दे पा रही है और ना ही अच्छा स्वास्थ्य और ना ही बेरोजगारों को रोजगार। आज देश में हर वर्ग परेशान है। महंगाई और टैक्स के नाम पर सरकार केवल देश की जनता को लूट रही है।





- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आ गई है दूसरी भगवा वालों की सरकार? मगर हम देख रहे हैं हैवीवेट वाले अभी तक अपने प्रेम के लिए नहीं कर पाये हैं कोई मजबूत वाला किरदार? वैसे भी ये चेहरा अपने लिए नहीं मांगता है कोई भी स्पेस? बस खामोश ही रहता है हमारे त्यागी जी का फेस? यूं तो कईयों का बना चुके हैं हैवीवेट वाले मामला? मगर आज तक त्यागी जी का क्यों नहीं मजबूत किया है उन्होंने बेस? ये भी सच है कि त्यागी जी ने आज तक हैवीवेट वालों के अलावा कहीं भी नहीं बनाया है अपना बेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बता रहा हूं अंदर की बात? साईकिल वाले राहुल भैया और गर्ग साहब को भेजा है भाजपा के एक बड़े नेता ने बुलावा? बताई जा रही है इस निमंत्रण के पीछे वजह बहुत ही खास? हमें पता चला है कि जैसे ही प्राप्त हुआ था इन दोनों को निमंत्रण? इनके चेहरे पर आ गई थी मुस्कुराहट? हमें पता चला है इन दोनों ने किया है दिल से दिये हुए निमंत्रण को दिल से स्वीकार? आखिर निमंत्रण के पीछे की क्या है वजह? ये एक दो दिन में आ ही जायेगी बाहर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सांसद और एक विधायक से डिस्कशन नहीं करने की वजह से अटक गई है कार्यकारिणी चुनाव की फाईल? सुना है मीटिंग से कुछ घंटे ही पहले भेजा था भेजने वाले ने जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण? मगर इस अतिशीघ्र बुलाने वाले निमंत्रण को शायद नहीं किया जनप्रतिनिधियों को स्वीकार? यही वजह है की अभी तक नहीं हो पाया है कोई भी कार्यकारिणी सदस्य का नाम फाईनल? इसीलिए नहीं आई है अभी तक कोई सूची बाहर? कहने वाले ने कहा जब बैठेंगे सभी साथ? तभी बनेगी कार्यकारिणी वाले मैटर में बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम चाहते हैं नगर निगम की कार्यकारिणी में इस बार मिले किसी सीनियर चेहरे को स्थान? सच बतायें तो यहां पर प्रमुखता से आता है टामक्रूज फेस पार्षद प्रवीण चौधरी का नाम? उन्हें है बारीकी से निगम एक्ट की जानकारी? कहने वाले कह रहे हैं उन्हें खिलाई जानी चाहिए इस बार कार्यकारिणी वाली पारी? ताकि जब योजना बनाने की बात आये तब मीटिंग में पड़े ना कोई अधिकारी सदस्यों पर भारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें अंदर से पता चली है एक बात? यूं ही नहीं है लाईनपार का एक मंडल अध्यक्ष नाराज? उसकी कमेटी घोषित नहीं करने के पीछे का पता चला है हमको कारण? सुना है 20 सदस्यों की कमेटी में उसे दिया जा रहा है केवल 4 सदस्य रखने का अधिकार? पता चला है इस ऑफर को नहीं किया है मंडल अध्यक्ष ने स्वीकार? उसने दे दिया है संदेश कि जब तक मेरी बात को नहीं लिया जायेगा फाईन? तब तक मैं सूची पर नहीं करूंगा साईन?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम चाहते हैं संगठन के योद्धा भगवा क्रान्तिकारी चुटिया वालों को दे दें कोई जिम्मेदारी? हमें पता है ये चेहरा जिम्मेदारी मिलते ही खुद को झोंक देता है काम में? फिर नहीं करता है ये इधर उधर की तैयारी? कमांडर को भी था इस चेहरे की कर्मठता का एहसास? इसलिए उन्होंने सिस्टम में रखा इस चेहरे को अपने साथ? उन्हें पता था कि अगर नहीं सौंपी इस चेहरे को जिम्मेदारी? तो फिर इसके पास अस्त्र भी हैं और शस्त्र भी? जिसे वो साधने के लिए कभी भी कर लेगा तैयारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको बता रहा हूं आज की भगवा राजनीति का कायदा? इस वक्त भगवा चौधरी से जुड़े रहने में ही है फायदा? गर्ग साहब के प्रिय भगवा चौधरी का इस वक्त चल रहा है जलवा जलाल? हो रही है हर उस चेहरे की तरक्की, जिसका चौधरी साहब रख रहे हैं ख्याल? कहने वाले ने कहा इस वक्त इनकी बात चल रही है इस कदर फाईन? कि बड़े से बडे.चेहरे ले रहे हैं किसी से मिलने के लिए चौधरी साहब से टाईम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पता है पूरे गौरव से है पंजाबी चेहरे को इस बात की जानकारी? किसी ने कही है कहीं पर उसके लिए ऐसी बात? जिससे हो सकता है किसी का भी दिल भारी? मगर वक्त के हिसाब से उसने कर लिया है अपने दिल को समुंदर? अब वो कोई बात बैठने ही नहीं देता है अपने अंदर? उसने कर लिया है अपने दिल को दरिया? समझ गया है वो कि कोई कुछ भी कहे खामोश रहना है? क्योंकि इससे बढ़िया नहीं है कोई भी आगे बढ़ने का जरिया?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने पहले ही बताई थी चुटिया वाले भैया की बात? उनको अगर बांध कर रखा जाये तो वो कंट्रोल में रहते हैं साहब? हमें पता चला है एक ऐसी रिकार्डिंग है उनके पास? जिससे कर दिया था उन्होंने किसी का खेल खल्लास? सच में उन्होंने दिखाया था सामने वाले को किसी का हकीकत वाला आईना? दिया था संदेश कि जिसे आप मेक इन इंडिया समझ रहे हो? वो तो आपके लिए है चाईना?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे ही मैं बैठा था और एक बात मेरे दिमाग से आई बाहर? मैंने देखा गर्ग साहब की बरस रही है दो मित्तल चेहरों पर कृपा? मगर तीसरा मित्तल चेहरा अभी चल रहा है उनके कृपा वाले ऑर्बिट से बाहर? हम देख रहे हैं मित्तल जी भरपूर लुटा रहे हैं गर्ग साहब पर प्यार? मगर लंबा समय बीत गया है गर्ग साहब इस चेहरे पर नहीं करवा पाये हैं कोई विचार? हम कर रहे है इंतजार कभी ना कभी तो लायेंगे गर्ग साहब इस चेहरे पर बहार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्य 14 अगस्त से होगा आरंभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली के विस्तृत पुनरीक्षण का कार्य 14 अगस्त 2025 से प्रारम्भ हो रहा है जिसके अन्तर्गत घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली में परिवर्धित, संशोधित एवं विलोपित होने वाले नामों तथा नए मकानों / वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जाँच और परिवर्धन का कार्य प्रारम्भ होगा।

प्रदेश के सभी अर्ह भारतीय नागरिक कृपया उक्त कार्य की अवधि में ही अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराना सुनिश्चित कर लें। ऐसे भारतीय नागरिक जो किसी ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामान्य रुप से निवास कर रहें हैं, 1 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर लिए हों, अपने निवास स्थान से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए अर्ह होंगे बशर्ते वह अन्यथा अनर्ह न हो। अनर्हताएं निम्नवत हैं :- (क) भारत का नागरिक न हो, या (ख) विकृत चित्त हो और उसके ऐसा होने की किसी सक्षम न्यायालय की घोषणा विद्यमान हो, या (ग) निर्वाचन सम्बन्धी भ्रष्ट आचरण और अन्य अपराधों से सम्बन्धित किसी विधि के उपबन्धों के अधीन मत देने के लिए तद्समय अनर्हत हो।

### निर्वाचक नामावली लोकतन्त्र का आधार

**करंट क्राइम।** त्रुटि रहित निर्वाचक नामावली लोकतन्त्र का आधार है और इसका सही बनना प्रत्येक नागरिक के सक्रिय सहयोग पर निर्भर है। अपना और अपने परिवार के सभी अर्ह सदस्यों के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज हैं अथवा नहीं, की जाँच कर लें। यदि दर्ज नहीं है तो अवश्य दर्ज कराएं और इस हेतु घर पर पहुँचने वाले बी०एल०ओ० को वॉछित सूचना दिए बिना कदापि वापस न करें। यदि आप के अथवा आप के परिवार के किसी नाम व प्रविष्टि में कोई संशोधन होना है या किसी नाम व प्रविष्टि को विलोपित किया जाना है तो उसे घर पर पहुँचने वाले बी०एल०ओ० को अवश्य अवगत करा दें।

### बीएलओ की अनुपस्थिति की शिकायत करें

**करंट क्राइम।** 30 अगस्त, 2025 तक कोई बी०एल०ओ० आपकी ग्राम पंचायत में न पहुँचे या कोई शिकायत हो तो आप तत्काल जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) / प्रभारी अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय), निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपने क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा खण्ड विकास अधिकारी से टेलीफोन पर अथवा व्यक्तिगत रूप से संपर्क करें।

# अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा ने हिसार में हुई घटना को लेकर दिया ज्ञापन

## जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम दिया पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय गाजियाबाद में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हरियाणा के हिसार में हुई घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि जिस तरह से पुलिस ने वहां पर वाल्मीकि समाज के लोगों को पीटा है और जिस बच्चे का जन्मदिन था उसको पटक-पटक के मारा है। इससे ज्यादा दुखद घटना और कोई हो नहीं सकती। यह सारा कृत्य वहां के आईजी कृष्ण कुमार राव के निर्देश पर हुआ है। ऐसा व्यक्ति जो सरकार को बदनाम करने का काम कर रहा है, साबित करता है कि यह सब सरकार के कार्यकर्ता हैं। तत्काल प्रभाव से ऐसे अधिकारी के खिलाफ मुकदमा कर जेल भेजने की कार्रवाई की जानी चाहिए। शक्ति जीनवाल ने कहा कि मृतक के परिवार को 5 करोड़ की धनराशि और सुरक्षा प्रदान करने के लिए हम मान्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अपना ज्ञापन प्रेषित कर रहे हैं। अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा पूरे प्रदेश में 16 से 20 तक इस तरह के कार्यक्रम कर सरकार को कह रही है कि वह वाल्मीकि समाज को न्याय दिलाए। अवसर पर महानगर अध्यक्ष शक्ति जीनवाल, प्रवीण गहलोत, पिंकी टॉक, नीरज वाल्मीकि, शनि वाल्मीकि, विजय मौर्य, जॉनी वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, मनोज मनोठिया, विपिन वाल्मीकि, कपिल चौहान वाल्मीकि, राजेंद्र चौहान वाल्मीकि, और चंदू वाल्मीकि, सोनू सफाई नायक, अमित आदि सैकड़ों कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे।





### चिन्टू जी







चिंटू जी : हमारे प्रिय माननीय मंत्रियों, वैसे तो आप दोनों गाजियाबाद ही रहते हो। आखिर ऐसी विकास की कौन सी बात थी जो आपको लखनऊ जाकर करनी पड़ी। यहां पर भी तो कर सकते थे आप मीटिंग। क्या किसी और को नहीं कराना चाहते थे इसमें सिटिंग?

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।